हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 27 जुलाई 2025



## इसी माह हो गई आधी बारिश नदियां लबालब, बांध छलके

**बिलासपुर।** मानसून की सक्रियता के चलते इस माह लगातार बारिश हुई है, कभी भारी तो कभी हल्की बारिश के चलते इसी माह सीजन की आधी बारिश हो चुकी है।

जिले में औसतन 1200 मिमी बारिश सीजन में दर्ज की जाती है, इसके विपरीत अब तक यहां 632 मिमी बारिश हो चुकी है। यह पिछले 10 वर्ष की औसत बारिश 459.4 मि.मी. से 172.9 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 772.1 मिमी बेलगहना व सबसे कम बारिश 458.2 मिमी कोटा क्षेत्र में रिकार्ड की गई है। इस बार बिल्हा तहसील में 625.9 मिमी, मस्तूरी में 646 मिमी,तखतपुर में 666.6 मिमी, सीपत में 622 मिमी, बोदरी में 576.1 मिमी, बेलगहना में 764.3 मिमी, बेलतरा में 520 मिमी, रतनपुर में 639.1 मिमी, सकरी में 672.7 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 624.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटें में जिले में अच्छी बारिश होने के आसार है। बारिश के कारण ही खूंटाघाट, खुड़िया और अन्य जलाशय और बड़े तालाब लबालब हो कर ऊफान मार रहे हैं और वेस्ट वेयर चालू है।



लबालब खूंटाघाट बांध के वेस्टवियर से निकलता पानी।

### सिरगिट्टी अंडर ब्रिज भी पहुंचे विधायक और कलेक्टर

सिरगिट्टी तारबाहर अंडर ब्रिज को भी 10 अगस्त तक बंद कर दिया गया है। इसके चलते लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को काफी तकलीफो से गुजरना पड़ रहा है। रेलवे द्वारा काम भी काफी धीमि गति से कराया जा रहा है जिससे लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। उपस्थित लोगों ने विधायक और कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रेलवे डीआरएम से इस बारे में चर्चा करने की बात कही है।

## गोकने नाला उफान पर, तीन हजार से अधिक लोग परेशान

**बिलासपुर।** लगातार हो रही बारिश के कारण गोकने नाला उफान पर है। मन्ना डोल के 3 हजार से अधिक लोग बारिश के पानी में घिर गए हैं। गोकने नाला उफान पर होने की वजह से दो पहुंच मार्ग बंद हो चुके हैं। लोग कमर तक पानी भरे रोड को पार करके जा रहे हैं। गोकले नाला इस क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही टेढ़ा-मेढ़ा और पतला हो जाता है। जैसे ही नाला ओवरफ्लो होता है उसका पूरा पानी क्षेत्र में घुस जाता है। नाले को सीधा और चौड़ा करने के लिए कई बार प्रस्ताव बनाया गया लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। शनिवार को निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर ने अधिकारियों को एक बार फिर पूरा एस्टीमेट और प्रस्ताव बनाकर देने कहा है।

सिरगिट्टी और मन्नाडोल क्षेत्र में गोकने नाले का पानी घुस गया है। शुक्रवार को बिल्हा विधायक घरमलाल कौशिक ने भी क्षेत्र और सिरगिट्टी स्कूल का जायजा लिया। विधायक श्री कौशिक द्वारा हर साल होने वाली इस समस्या का निराकरण निकालने की बात कहते हुए बताया गया की गोकने नाले के संबंध मे स्कूल के प्राचार्य व जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व में ही गोकने नाले के मोड़ को काटते हुए सीधे करने की बात कही गई है।

## नगर में आज

### श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट के चिकित्सा परामर्श

**बिलासपुर।** मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट द्वारा निशुल्क धर्मार्थ चिकित्सालय, वेंकटेश परिसर, सीपत चौक में 27 जुलाई को सुबह 9. 30 बजे से 12.30 तक निःशुल्क परामर्श शिविर लगेगा। इसमें डॉ. राजेश शुक्ला, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ.सुजय मुखर्जी अपनी सेवाएं देंगे।

### स्वास्थ्य शिविर हरदेवलाल मंदिर परिसर में

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 27 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। यह शिविर हरदेव मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में लगेगा। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगी।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की बैठक रविवार संध्या 4.30 बजे अनुभव भवन में होगी। अरविन्द दीक्षित ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिक कानफीडेरेश के नव निर्वाचित अध्यक्ष सी पी देवरस, घनेश सोलंकी एवं देवेन्द्र शर्मा का सम्मान किया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने मानवीय आधार पर सुनाया फैसला

## मिशन हास्पिटल परिसर खाली करने 17 परिवारों को 30 दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने मिशन हास्पिटल परिसर में लंबे समय से रह रहे 17 परिवारों को जगह खाली करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। दरअसल परिसर खाली करने तहसीलदार द्वारा 48 घंटे का समय दिए जाने के निर्देश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की एकलपीठ ने मानवीय आधार पर यह मोहलत दी है।

हाईकोर्ट ने यह भी साफ किया कि तय समय के बाद यदि परिसर खाली नहीं किया गया, तो प्रशासन कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं के पास एसडीएम के समक्ष अपील का विकल्प मौजूद है, इसलिए इस स्तर पर कोर्ट का हस्तक्षेप उचित नहीं है।



■ एसडीएम के समक्ष अपील की भी दी लोगों को छूट

मिशन हॉस्पिटल के कैम्पस में रहने वाले शांति दानी, अमिता मसीह, शाहिद हुसैन, विनीत मसीह, शांता ब्राउन, अरशद हुसैन समेत अन्य लोगों को तहसीलदार नजूल ने 23 जुलाई को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर जमीन खाली करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि वे वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और नियमित रूप से बिजली बिल, हाउस टैक्स आदि का भुगतान करते आ रहे हैं। इसके बाद भी तहसीलदार ने बिना सुनवाई और छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 248 का पालन किए बिना मनमानी कार्रवाई की है। अदालत ने बरसात के मौसम और मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को 30 दिन की अंतरिम राहत दी है।

### याचिका पहले हो चुकी है खारिज

गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। इस जमीन को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायायलय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने नितिन लारेंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद बुधवार 23 जुलाई की शाम नजूल तहसीलदार ने अस्पताल परिसर में रह रहे 35 परिवारों को 48 घंटे के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।

### कानूनी दर्जा "टेनेंट ऑफ सफरेंट" माना गया

प्रशासन की नोटिस के बाद यहां रहने वाले निवासियों ने मांग की थी कम से कम छह महीने का समय उन्हें दिया जाए ताकि वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। परिवारों का कहना था कि पिछले चार पीढ़ियों से यहीं रह रहे हैं। जब तक अस्पताल संचालित रहा, वे सभी उसके कर्मचारी थे और सेवा देते रहे। अब अचानक बरसात के मौसम में घर खाली करने का नोटिस दिया जाना गलत है। लोगों का कहना है कि वकीलों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अस्पताल की जमीन की लीज 1994 के बाद नवीनीकृत नहीं हो पाई, जिसके कारण उनका कानूनी दर्जा "टेनेंट ऑफ सफरेंट" यानी शासन की दया पर निर्भर रहने वाला माना गया। उनका आरोप है कि पिछले 30 वर्षों में शासन ने कभी भी उन्हें इस स्थिति की जानकारी नहीं दी गई और ना ही प्रशासन ने अपनी जमीन के रखरखाव में कोई रुचि दिखाई।

### 11 एकड़ जमीन लीज पर

प्रशासन की ओर से कहा गया कि मिशन अस्पताल की स्थापना वर्ष 1885 में हुई थी। सेवा के नाम से 11 एकड़ जमीन लीज पर दी गई थी। इसके लिए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ को जमीन आवंटित की थी। यह मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 17, प्लाट नंबर 20/1 एवं रकबा 382711 एवं 40500 वर्गफीट है। 1966 में लीज का नवीनीकरण कर साल 1994 तक लीज बढ़ाई गई थी। जिसकी अवधि 31 अप्रैल 1994 तक के लिए थी। जिसमें मुख्य रूप से निर्माण में बदलाव एवं व्यवसायिक गतिविधियां बिना कलेक्टर की अनुमति के न किए जाने की शर्त थी। इसके बाद इस जमीन को बिजनेस के तौर पर उपयोग किया जाने लगा।

## कारपेटिंग नहीं होने पर बंद हो जाएगी फ्लाइट, बाउंड्री वॉल व सड़क अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




बिलासा एयरपोर्ट में पानी भर रहा है, यही कारण है कि फ्लाइट की लैंडिंग प्रभावित हो रही है और फ्लाइट का रायपुर भेजना पड़ रहा है, इससे सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को ही उठाना पड़ रहा है, लेकिन एयरपोर्ट सुविधा को तरस रहा है। एयरपोर्ट के रनवे पर कारपेटिंग किया जाना आवश्यक हो चुका है, फ्लाइट की लैंडिग और टेकऑफ बंद होने का अंदेशा बना हुआ है।

शुक्रवार को दिल्ली फ्लाइट की बिलासा एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो सकी, रनवे में पानी भरा होने के कारण फ्लाइट को रायपुर डाइवर्ट किया गया। समिति ने बताया कि रनवे से पानी न निकलने का बड़ा कारण नालियों का पक्का नहीं होना है। बारिश से कच्ची नाली में मिट्टीजाम हो गई और हरेली त्यौहार के दिन मजदूर नहीं मिलने के कारण समय पर रनवे का पानी नहीं निकला जा सका। ऐसे में फ्लाइट रायपुर डाइवर्ट की गई। 40 से अधिक यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी और दिल्ली से बिलासपुर आ रहे यात्री बिना कारण रायपुर में उतार दिए गए जिन्हें अपने खर्च पर बिलासपुर आना पड़ा। अत्यधिक बारिश के कारण एयरपोर्ट के रनवे की ऊपरी परत उधड़ रही है। अलाइंस एयर के पायलट ने मार्च के महीने में रनवे पर पुनः डामरीकरण करने की बात कही थी लेकिन पीडब्ल्यूडी की उदासीनता के कारण यह लंबित है। बाउंड्री वॉल और रनवे की एप्रोच सड़क बदहाल है।

### हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

उच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में बिलासा एयरपोर्ट में सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा संबंधी आवश्यक कार्य को लेकर बरती जा रही लापरवाही को लेकर फटकार लगाई है। बिलासा एयरपोर्ट जन भावना और जन आंदोलन का मुद्दा बन चुका है इसी उपेक्षा आम जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। समिति ने कहा कि हाईकोर्ट के इतने कड़े शब्दों के बाद भी अगर यह काम नहीं किया जा रहा है और तो यह सरकार की पूरी असफलता है।

### रिश्तेदारों, कोटवार के नाम पर बनाई फर्म

## फर्जी हस्ताक्षर से निकाले 41 लाख, दो पंचायत सचिव सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत ढेका में पूर्व सरपंच और दूसरे पंचायत के सचिव ने मिलकर 41 लाख रुपए की बंदरबांट की है। जिला पंचायत के अधिकारियों ने मामले की जांच से पहले ही गड़बड़ी को उजागर करने वाले सचिव सचिन कौशिक की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उसे निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत धुमा के सचिव भानू विश्वकर्मा को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

■ ढेका की नई पंचायत गठन के बाद खुलासा

■ पूर्व सरपंच ने मिलीभगत कर की पूरी गड़बड़ी

ग्राम पंचायत ढेका की नई पंचायत गठन के बाद जब सचिव सचिन कौशिक को दस्तावेज सौंपे गए, तब उन्हें करोड़ों की योजनाओं में गड़बड़ी की आशंका हुई। जांच में सामने आया कि पूर्व सरपंच दिनेश मौर्य ने सचिव की डीएससी पासवर्ड, मोबाइल नंबर और ईमेल बदलकर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से कई फाइलें अप्रूव कीं और लाखों का भुगतान कर डाला। सचिव ने बताया कि, पंचायत निधि से 28.70 लाख रुपए खर्च किए गए, जबकि 16.17 लाख रुपए बैंक खातों से उनके बिना हस्ताक्षर के निकाले गए।

### प्रारंभिक जांच में सामने आई गड़बड़ी

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पूर्व सरपंच दिनेश मौर्य ने जिन फर्मों को भुगतान किया है। उनमें विश्वकर्मा ट्रेडर्स प्रमुख है, जो सरपंच के करीबी और धुमा पंचायत के सचिव भानू विश्वकर्मा से जुड़ी है। ढेका के पूर्व सरपंच ने उससे मिलीभगत कर अपने दोस्तों, उनके रिश्तेदारों, कोटवार के सगे संबंधी के नाम बनी फर्म को आठ माह के भीतर 41 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। यह बात भी सामने आई कि विश्वकर्मा ट्रेडर्स भानू विश्वकर्मा के बड़े भाई विष्णु विश्वकर्मा के नाम पर है। संदीप मोटर वाइडनिंग और बोर-वेल्स भानू के जीजा के नाम पर है। वहीं, कोटवार की पत्नी के नाम पर कश्यप ट्रेडर्स है। बताया जा रहा है इनके नाम पर कहीं भी दुकान नहीं है। यही वजह है कि इस केस में धुमा के सचिव भानू विश्वकर्मा को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

### डीएससी बदलकर पंचायतों में फर्जीवाड़ा

दरअसल, पंचायत में डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) किसी भी फाइल, भुगतान या कार्य अनुमोदन का कानूनी आधार होता है। जिसमें संबंधित पंचायत ई - ग्राम पोर्टल के माध्यम से वित्तीय लेनदेन करते हैं। इसमें पंचायत सचिव को आईडी पासवर्ड और मोबाइल नंबर दर्ज होता है। ई-ग्राम पोर्टल में दर्ज मोबाइल नंबर के पासवर्ड से ही उसमें काम होता है। धूमा का प्रभार लेने के बाद सचिव सचिन कौशिक को जब उसके डीएससी में गड़बड़ी की आशंका हुई, तब उसने पंचायत से सारे दस्तावेज जुटाए, जिसमें पूर्व सरपंच और भानू विश्वकर्मा की मिलीभगत और फर्जी हस्ताक्षर करने का मामला उजागर हुआ। गड़बड़ी सामने आने पर उसने अधिकारियों को जानकारी दी। उसने बताया कि पूर्व सरपंच ने उसके आईडी पासवर्ड के लिए रजिस्टर्ड अपने मोबाइल नंबर को बदलकर सरपंच ने अपने मोबाइल नंबर एंट्री कर दिया ताकि, उसको गड़बड़ी की भनक न लगे।



# झाड़फूंक से पैसा कमाने के लालच में मासूम की हत्या

*लाली अपहरण-हत्या कांड में सनसनीखेज खुलासा, 5 गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम कोसाबाड़ी में झाड़फूंक से पैसा कमाने के लालच में 7 वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मासूम को उसके घर से अगवा कर तांत्रिक अनुष्ठान 'झरन पूजा' के नाम पर मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल उन्हें भेज दिया है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला एवं मुंगेली एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर वारदात का खुलासा किया। मृत बालिका की अस्थियां खेत में दफन मिलीं थी, जिसकी डीएनए जांच कराई गई थी।

पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 12 अप्रैल को ग्राम कोसाबाड़ी निवासी पुष्पा पति जनकगिरी गोस्वामी उम्र 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 11 अप्रैल की रात्रि करीबन 100 बजे उसका परिवार खाना खाकर सो गया था। उसकी 7 वर्षीय बेटी महेश्वरी उर्फ लाली भी उसके साथ सोई थी। रात्रि लगभग 2 बजे नींद खुलने पर उसने देखा कि उसकी लड़की अपने बिस्तर पर नहीं थी, जिसे आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस दर्ज किया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मौके पर उपस्थित होकर घटना के बाद से ही घटना की बारिकी से जांच करने हेतु अपहृत बालिका लाली उर्फ महेश्वरी उम्र करीब 7 वर्ष के लापता अपहृत होने के संभावित कारणों पर विवेचना हेतू पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर कार्य विभाजन कर दायित्व सौंपा गया। पुलिस को पता चला कि लाली का अपने चाचा हेमगिरी के पुत्र चिम्मन व बहु रितु के घर आना जाना था। गांव का आकाश मरावी इसके व्यवसाय में सहयोग करता है जो घटना दिनांक को उनके साथ था। ग्राम डोगरिया निवासी रामरतन निषाद से चिम्मन झाड़फूंक बैगा का काम सीखा है। उसकी पत्नी रितु गोस्वामी अत्यंत ही महत्वाकांक्षी महिला है। जो गांव में अनेक संस्थाओं से रूपये लोन लेकर रखी है। विवेचना क्रम में ऋतु, चिम्मन, खिलावन, आकाश, पुष्पा तथा रामरतन बार-बार अपना कथन बदलते रहे।



मामले का खुलासा करते पुलिस अफसर।



प्रकरण की विवेचना के दौरान ऋतु तथा पुष्पा का पॉलिग्राफ, ब्रेन मैपिंग तथा नार्को परीक्षण विशेषज्ञों से कराया गया। उक्त परीक्षण के परिणाम से पाया गया कि पॉलिग्राफ, ब्रेन मैपिंग तथा नार्को परीक्षण के दौरान प्राप्त संकेतों से संभावित है कि ऋतु के द्वारा लाली झरन नामक पूजा पद्धति हेतु सहमति प्राप्त की गई किन्तु संभवतः पुष्पा झरन नामक पूजा पद्धति में प्राण जाने की संभावना होने से इनकार कर दिया गया एवं ऋतु ने अपड़ता लाली को लेकर आने के लिए नरेन्द्र मार्को को पैसे दिए थे। नरेन्द्र मार्को करीब 1 रात्रि लाली को लेकर आया था। ऋतु ने लाली को झरन पूजा के लिये काला कपडा पहनाया। पुलिस के द्वारा पकडे जाने से बचने के लिये आकाश को बोलकर लाली की बाडी को खेत में दफना दिये।

## ऐसे दिया वारदात को अंजाम

प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना से उपलब्ध मौखिक साक्ष्य परिस्थिति जन्य साक्ष्य स्वीकारोक्ति इलेक्ट्रानिक साक्ष्य से आरोपियों ऋतु, चिम्मन, नरेन्द्र मार्को, रामरतन एवं आकाश के द्वारा एक राय होकर दिनांक 11 अप्रैल 2025 को घटना समय रात्रि करीब 12 से 2 के दरम्यान पुष्पा एवं जनकगिरी गोस्वामी की पुत्री लाली उर्फ महेश्वरी को खाट पर सोते समय अपहरण कर घटनास्थल ग्राम कोसाबाडी स्थित श्मशान के पास रकम अर्जित करने के उद्देश्य से झरन पूजा के नाम पर षड्यंत्र पूर्वक हत्या कर साक्ष्य विलोपित कर दिये जाने का अपराध किया गया। पूछताछ पर घटना दिनांक को उक्त घटनाकारित करना स्वीकार करने पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त छुरा व कुछ अस्थियां को जब्त कर आरोपी ऋतु, चिम्मन, नरेन्द्र मार्को, रामरतन एवं आकाश को 26 जुलाई .2025 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

## श्मशान में मिलीं थीं मानव अस्थियां

विवेचना के दौरान घटनास्थल के पास स्थित श्मशान से करीबन 100 मीटर दूरी पर खेत में 6 मई 2025 को मानव अवशेष खोपड़ी तथा अस्थियां मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया। मानव अवशेष खोपड़ी तथा अस्थियां लाली उर्फ महेश्वरी के होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए माता पिता से डीएनए परीक्षण कराया गया जिसमें डीएनए रिपोर्ट माता पिता से मिलान होना पाया गया। प्रकरण में धारा सदर का अपराध घटित पाए जाने से हत्या की धारा 103(1), 140, 238, 61, 3(5) बी एन एस जोड़ी जाकर विवेचना जारी रखी गई। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पूजन सामग्री नारियल, नींबू, आगरबत्ती, कपड़े मिले थे। विवेचना दौरान पड़ोसी ने रात्रि में एक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति (महिला/पुरुष) के द्वारा घर से लगे श्मशान तरफ ले जाते देखा था।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में शामिल होगें डिप्टी सीएम साव

**लोरमी।** देश के शहीद अमर जवानों की स्मृति में श्रीराम सेवा समिति के नेतृत्व एवं पंजाबी समाज के सहयोग से 1 अगस्त को नगर के गुरुद्वारा चौक के पास सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। शिविर में एकत्रिक ब्लड को बिलासपुर सिम्स एवं मुंगेली जिला अस्पताल को दिया जाएगा, ताकि भर्ती मरीजों को निशुल्क ब्लड उबलब्ध हो सके। श्रीराम सेवा समिति अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने बताया कि नगर के 50 बिस्तर सरकारी अस्पताल में लोगों को प्रतिदिन मरीजों को ब्लड की आवश्यकता होती हैं, उनकी मदद हेतु एवं देश के अमर जवानों की स्मृति में यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस नेक काम में पंजाबी समाज, मानस कथा समिति, मनियारी क्रिकेट टीम 11, प्रेस क्लब लोरमी, मोबाइल संघ, राजीव गांधी महाविद्यालय परिवार, राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के लोग जुटे हुए हैं।

## निधन

### लाल बाई सराफ



**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी लाल बाई सराफ पति स्व. छोटेलाल सराफ टिकारी वाले का 26 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिनेश कुमार सराफ की माता थीं।

### रूप सिंह



**बिलासपुर।** कोनी निवासी रूप सिंह का 26 जुलाई को निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 27 जुलाई को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# पचरैया नाले की नहीं हुई सफाई, घरों में घुस रहा गंदा पानी

**तखतपुर।** बरसात के पूर्व पचरैया नाला की सफाई नहीं होने का खामियाजा वार्डवासी अब भुगत रहे हैं। गलियों और घरों में पानी घुस गया है जिससे समान भी खराब हो गया है। नाले की सफाई के लिए सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया गया था। लेकिन वह आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

इन दिनों हो रही जोरों की बारिश से तखतपुर वार्ड क्रमांक 4 जलमग्न हो गया है। वार्ड सुभाष नगर एवं मिशनकम्पाउण्ड की गलfयों के साथ साथ घरों में पानी घुस गया है। पिछली रात्रि से ही मोहल्लेवासी रतजगा कर रहे हैं कि कहीं पानी और ज्यादा बढ़ गया तो उन्हें तुरंत घर छोड़ना पड़ सकता है। ऐसी बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए वार्डवासियों ने नगरपालिका से आवेदन देकर बार बार गुहार लगाई थी कि पचरैया नाले की साफ सफाई की जाए उसमें पड़े हुए जलकुम्भी को निकाला जाए लेकिन लोगों की मांगों को नगर पालिका ने अनसुना कर दिया और इसका परिणाम यह हुआ कि लोग आज रतजगा करने पर मजबूर हैं। शासन के द्वारा बड़े जोरशोर से सुशासन तिहार चलाया गया और लोगों से समस्या से संबंधित आवेदन लिए गए परंतु आवेदन कागजों में निराकृत किए गए धरातल परिस्थिति कुछ और ही है और इसका उदाहरण पचरैया नाला है। वार्डवासी और पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने आवेदन देकर इसे तत्काल सफाई कराने का मांग की थी परंतु उस पर कोई भी कार्यवाही करना नगरपालिका प्रशासन ने उचित नहीं समझा यदि समय पर सफाई हो गई होती तो लोगों के घरों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित नहीं होती। बारिश के पानी घर में जाने से घरों में जहरीले जीव जंतु के भी पहुंचने की भी अंदेशा है और कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। बड़े बुजुर्ग रातभर इस डर के कारण जागते रहते हैं कि कहीं कोई जहरीले जीव बच्चों को या स्वयं को डंक न मार दे।



वार्ड में भरा बारिश का पानी।

### बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच

**कोरबा।** त्यौहारों के मौसम में यात्री गाड़ियों में सर्वाधिक भीड़ जनरल कोच या स्लीपर कोच में रहती है। किंतु रेलवे ने हमेशा यात्री सुविधा के नाम पर एसी कोच की संख्या बढ़ाकर यात्रियों के जेब से पैसा निकालने रास्ता अख्तियार कर लिया था। एसी कोच की संख्या बढ़ने का फायदा आम मध्यम वर्गीय यात्रियों को नहीं मिलने का मुद्दा हरिभूमि ने 22 जुलाई के अंक में प्रमुखता से उठाया था। सावन महीने से यात्री गाड़ियों में विभिन्न धार्मिक स्थल को जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। इसे देखते हुए रेलवे ने अक्टूबर महीने तक यात्री गाड़ियों में एसी कोच की संख्या बढ़ाई थी। जिससे इस सुविधा का लाभ आम मध्यम वगीय यात्रियों को न मिलने के बजाए हाई क्लास के यात्रियों को मिल रही थी। वहीं दूसरी ओर जनरल और स्लीपर कोच में लोगों को कंफर्म बर्थ भी नहीं मिल रहा था।



# बीईओ मंडलोई ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

विकासखंड अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद विद्यालयों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को दैनंदिनी के अनुसार अध्यापन कार्य करने को कहा। सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहे और अध्यापन कार्य करें। संकुल केंद्र अमोरा के सभी शालाओं जिसमें प्राथमिक विद्यालय भिलाई ,अमोरा ,नवागांव,लाटा कोडपुरी व रौनाकापा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सभी शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति. स्वछता, गुणवत्ता पूर्ण मध्यान भोजन की बच्चों को उपलब्धता के साथ नियमित दैनंदनी संधारण पुस्तक वितरण सहित 90+ के तहत शिक्षा गुणवत्ता पर आवश्यक निर्देश दिया गया शाला के बच्चों से शाला के विभिन्न गतिविधियों पर आवश्यक जानकारी लेकर शिक्षकों को समझाइश दी गई। साथ ही बच्चों को समूह में गोला बनाकर पढ़ाने से होने वाले लाभ से शिक्षकों को अवगत कराया गया।




बिलासपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# पौधरोपण से पर्यावरण हो रहा संरक्षित

हरिभूमि और डीसीटी रीयल इस्टेट द्वारा हरियाली अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम रायपुर रोड स्थित चितवन फार्म मोहदा मोड़ पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीसीटी रियल इस्टेट के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत सहित अन्य स्टॉफ ने पौधरोपण कर पर्यावरण संवर्धन के लिए बड़ी संख्या में फलदार-छायादार पौधों का लगाकर इनकी देख-रेख करने का भी संकल्प लिया।

**बिलासपुर।** हर वर्ष वृहद पौधारोपण अभियान में डीसीटी रियल इस्टेट और हरिभूमि परिवार एक साथ मिलकर पर्यावरण को सरंक्षित करने ऐसे आयोजन करता है,ताकि शहर के वातावरण में हरियाली बनी रहे। ऐसे अभियान का ही परिणाम है कि शुध्द हवा मिल पा रही है, यह इस तरह के पौधरोपण से ही संभव है। शहर के चौक चौराहों,मु ख्य मार्गो में लगाए गए पौधे आज वृक्ष बनाकर लोगों को छाया दे रहे हैं।

चितवन फार्म के परिसर में आम, जामुन, मुनगा, गुलमोहर समेत अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए, उन्होंने कहा की इस मुहिम से हरियाली की सौगात के साथ लोगों को स्वच्छ प्राणवायु मिल सकेगी। पौधरोपण में डायरेक्टर, स्टॉफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एकमत से स्वीकार किया कि आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पौधरोपण है और उससे भी ज्यादा जरूरी है अपनी आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार बनाकर प्रकृति के प्रति संवेदशनशील बनाने की।

इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, शेख अशलम, अंजना शर्मा,नवीन मिश्रा मौजूद रहे।





हरिभूमि और डीसीटी रियल इस्टेट का वृहद पौधरोपण अभियान

### सहभागी बनना गर्व की बात

डीसीटी रियल इस्टेट के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा की ऐसे अभियानों से लोगों को प्रदूषण मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें सहभागी बनना काफी गर्व की अनुभूति कराता है। आने वाली पीढ़ी को सहेजने पौधरोपण सबसे आवश्यक है, पौधों के बिना धरती का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। इस वजह से सभी को ज्यादा से पौधरोपण करना चाहिए। जीवन की हर छोटी-बड़ी जरूरत पेड़ों से ही पूरी होती है, इससे प्रदूषण और तापमान में भी कमी होगी। शहर में भी हरियाली आएगी, मुहिम का हिस्सा बनकर संवारने का अवसर मिला।

### अरपा बिजनेस पार्क लोगों की पसंद

रतनपुर स्थित डीसीटी रीयल इस्टेट का कॉमर्शियल प्रोजेक्ट अरपा बिजनेस पार्क लोगों को खूब पसंद आ रहा है,टीएनसी रेरा अप्रुव प्रोजेक्ट में बिजली,पानी व पार्किंग जैसी तमाम सुविधाएं यहां पर दी जा रही है। यहां पर एक छत के नीचे तमाम कॉमर्शियल स्पेश लोगों को उपलब्ध रहेंगे। डीसीटी ग्रुप लोगों के बीच में कम समय पर रियल स्टेट के क्षेत्र में भरोसेमंद बन गया है। यही वजह है इनके बनाए प्रोजेक्ट शुरू होते ही पूरी बुकिंग हो जाती है।





### हरियाली ही प्रोजेक्ट की पहचान

डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि डीसीटी ग्रुप के प्रोजेक्ट की खास पहचान ही हरियाली है,डीसटी द्वारा टीएनसी एप्रुव प्रोजेक्ट में कृष्णापुरम,गोल्ड फॉर्म,द्वारिकापूरम, ऐश्वर्या और अरपा बिजनेस पार्क जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट सर्व सुविधायुक्त बनाए गए हैं। इन प्रोजेक्ट को हर-भरा रखने हर वर्ष लाखों रूपए खर्च भी किया जाता है। हर परिसर में पौधो की वैराईटियों के साथ बड़ी संख्या में यहां पौधे लगाए जाते हैं, ताकि यहां रह रहे लोगों को पर्यावरण हमेशा शुध्द मिले। यहां लगे पौधों का रख-रखाव करने कर्मचारी भी रखे गए हैं, जो पानी व जरूरत खाद समय-समय पर पौधों को देकर इसे सरंक्षित करने अहम ध्यान रखते हैं।

### जन अभियान बना पौधरोपण

इस अवसर पर हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कहा कि हरिभूमि का पौधरोपण अभियान अब जन अभियान बन गया है। इसमें शहर के हर वर्ग के लोग उत्सुकता से इसमें सहभागी बनते हैं,पौधा लगाने तक ही नहीं बल्कि इसको बड़े रखने तक इसे पोषित करते हैं।

**धर्म-क्षेत्र**

## रामकथा : बाजे-गाजे के साथ निकाली कलश यात्रा, स्वागत



**बिलासपुर।** तोरवा स्थित सिंधु भवन में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। पहले दिन शनिवार को सिंधु भवन तोरवा से बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र में सिर पर कलश, श्रीफल व आम पत्र लेकर चल रहीं थीं। कलश यात्रा सिंधु भवन तोरवा से निकलकर संतोषी मंदिर होते हुए अरपा नदी के तट पर पहुंची। जहां सभी महिलाएं कलश में जल भरकर वापस सिंधु भवन पहुंचीं। रास्ते में कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कथा व्यास स्वामी परमात्मानंद गिरि महाराज ने सभी को कथा सुनने आने के लिए कहा। इसके पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। शाम 4 बजे से विधिवत राम कथा की शुरुआत हुई। कलश यात्रा में डॉ संतोष गेमनानी, डॉ ललित माखीजा, मोती लाल गंगवानी, भृगु अवस्थी, भागवत यादव, देवेश, मेघा माखीजा, नीरज गेमनानी, यश मनहर, संतोष मौर्य, प्रकाश पंजवानी, संजू रामनानी, नीरज जग्यासी, राजा गंगवानी, शंकर मानिकपुरी, संतोष, बसंत पटेल, सपन बिरले, सरिता शर्मा, सृष्टि सिंह, पुष्पा खत्री, सीमा टेकवानी, मीना विश्वकर्मा, नर्मदा यादव, धना चंदेल, रामेश्वरी बरेठ, गीता निर्मलकर का सहयोग रहा।

**आयोजन**

## गुरु के बताए मार्ग पर चलकर विवेकानंद जैसे बनें देश का गौरव



**बिलासपुर।** आशीष गुरुकुल देव संस्कृति विद्यालय लिंगियाडीह स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ज्ञान दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में नंदिनी पाटनवार ने विद्यार्थियों को ज्ञान व शिक्षा के अंतर को समझाया और माता-पिता गुरुजनों का सम्मान करने, अच्छा व्यक्ति बनने, स्वामी विवेकानंद जैसे अपने गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर देश के लिए गौरव बनने पर जोर दिया। डॉ इंदु सक्सेना, रामकुमार श्रीवास, गणेश प्रसाद श्रीवास, उधो राम प्रजापति, आशुतोष यादव ने युग संगीत पेश कर ज्ञान दीक्षा संस्कार संपन्न कराया। केपी. सिंह संस्थापक आशीष गुरुकुल ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ज्ञान भी जरूरी है। गायत्री मंत्र से मन मस्तिष्क और आत्मा को पवित्र और शुद्ध किया जाता है। संगीता सिंह ने यूएसए की एआई द्वारा आधुनिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य पद्मलोचन ने बताया कि विद्यार्थी विचारों में सकारात्मक बदलाव लाएं ताकि एक बेहतर जीवन जी सके। एक ऐसा समाज बनाएं जहां प्रेम, शांति और सद्भावना हो।

**कार्यक्रम**

## वीर जवानों के लिए छात्रा पथिका ने बनाई सर्वाधिक 450 राखियां



**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शा.उ.मा विद्यालय महमंद के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यकम प्रभारी व्याख्याता शान्ति सोनी के नेतृत्व में 2488 राखियां बनाकर अपने मातृभूमि के प्रति प्रेम व फौजी भाईयों के प्रति सम्मान प्रकट किया। छात्रा कु. पथिका विश्वकर्मा ने सर्वाधिक 450 राखियां राखियां देकर देशप्रेम का कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यकम का सफल क्रियान्वयन व्याख्याता श्रीमती सोनी ने किया और बताया कि आपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र एक राष्ट्रीय स्तर का मानवीय और देशभक्ति से ओतप्रोत अभियान है। इसका उद्देश्य भारतीय सेना में वीर जवानों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखियां भेजकर उन्हें सम्मानित करना और यह संदेश देना कि हम देशवासी उनके साथ हैं।

**स्पोर्ट्स**

## अपूर्वी ने अंतर जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता रजत



**बिलासपुर।** शिलांग में आयोजित सीबीएसई स्कूलों की अंतर जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बर्जेस इंग्लिश स्कूल की छात्रा अपूर्वी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अर्जित किया। इस उपलब्धि के साथ ही अपूर्वी ने उत्तर प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर ली है। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन की ओर से सीडीबीई के सचिव जयदीप रॉबिंसन ने अपूर्वी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बर्जेस स्कूल केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। विद्यालय की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने भी अपूर्वी को बधाई देते हुए कहा कि, "हम शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में विद्यार्थियों को पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन देते हैं। यह उपलब्धि उसी निरंतर परिश्रम का प्रतिफल है।" इस सफलता पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक जाविद अली, सिंधिया पीटर्स एवं आकांक्षा ताम्रकार को भी विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। जिन्होंने अपूर्वी को प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया।

## सास-बहू, सखी-सहेली, माँ-बेटी की जोड़ी ने लिया भाग

**बिलासपुर।** पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत महिला विंग एवं भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के तत्वावधान में सावन उत्सव आयोजित किया गया। पूज्य सेंट्रल पंचायत की अध्यक्ष कविता मंगवानी तथा भारतीय सिंधु सभा की अध्यक्ष गरिमा शाहनी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सावन माह विशेष शिव का प्रिय है चारों तरफ़ हरियाली छा जाती है।



इस बार जोड़ी में सावन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सास बहू ,सखी सहेली ,माँ बेटी ,देवरानी जेठानी जोड़ी में भाग लिया। वही एकल कैटेगरी में सुंदर नैन में नेहा खूबवानी सावन स्पेशल में मनीषा वधवानी सोलह श्रृंगार में जयश्री भाटिया कनिष्का बहरानी, मीठी मुस्कान में संचिता आहूजा, सावन की सुह में मधु गागवानी विनर्स रही । सभी महिलाओं ने मनोरंजक हाऊसी के साथ साथ स्वादिष्ट व्यंजनो का भी लुत्फ उठाया कार्यक्रम में राजकुमारी मेहानी सोनी बहरानी भारती सचदेव, प्राची भगतानी, सीमा टेकवानी, ट्विंकल आडवाणी, कंचन मलघानी, अनिता नागदेव, नेहा पमनानी, ममता और किरण रामचंदानी, माया मंगवानी, प्रिया पमनानी, सिया मोटवानी, महिलाएं उपस्थित रही।

## तीज मिलन समारोह में महिलाओं ने लिया झूले का आनंद

हरियाली तीज के उपलक्ष्य में महिला संगठनों द्वारा सावन के झूले के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में हरियाली तीज मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाज की 400 महिलाओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में समय में आने पर निहारिका शाह, कल्पना अग्रवाल, कंचन अग्रवाल को पंचुअल्टी का इनाम दिया गया। लकी गेम्स की विनर पूनम राजेश, तायल रही। सावन सुंदरी का खिताब उषा विष्णु अग्रवाल को दिया गया। सभी ने आकर्षक ढंग से सजे झूले का आनंद लिया। इसके बाद महिला समिति ने किरण अनिल सुल्तानिया द्वारा लिखित पुस्तक हमारे





रीति रिवाज का विमोचन किया। यह किताब अमेजन और फ्लिप कार्ट पर उपलब्ध है। महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर समाज की आशा, ऊषा अग्रवाल, समिति की सचिव वंदना जाजोदिया, नूतन, सुनीता, सीमा अग्रवाल, सीमा गुप्ता, मंजू, रेखा, अलका, शोभा, पूनम, शारदा, श्वेता, प्रीति, सुजाता, किरण, सरोज सहित अग्रवाल महिला समिति की पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही।

## रखी गई किटी पार्टी, खेले मनोरंजक खेल

भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम की अर्द्धांगिनी ज्योति रंजन के नेतृत्व में स्टेट बैंक अधिकारियों की पत्नियों की लेडिज क्लब द्वारा सावन की प्रसिद्ध हरियाली तीज पर बैंक के गेस्ट हाउस में रंगारंग किटी पार्टी आयोजित की गई। मनोरंजक खेल द्वारा महिलाओं के समग्र विकास व उत्थान हेतु सार्थक उपाय बताते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें ज्योति रंजन, आकांक्षा राय, जॉली झा, पायल मित्तल, मोनिका अग्रवाल, अर्चना मित्तल, श्वेता प्रसाद, दीपाली



अग्रवाल, लीना यदु, संतोषी खरे आदि प्रमुख रही। श्रीमती रंजन ने कहा कि सावन की हरियाली सदैव कायम रहे। बिलासपुर हरा-भरा रहे।

## कारगिल दिवस भारत के गौरव, शौर्य, बलिदान की अमिट गाथा

कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को शहर के स्कूलों, विश्व विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। एयू में कारगिल विजय दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ने कहा कि कारगिल दिवस भारत के गौरव, शौर्य, बलिदान की अमिट गाथा है।

**बिलासपुर।** सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम संयोजक समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैप्टन प्राची शर्मा ने कारगिल दिवस की प्रासंगिकता पर बोलते हुए कहा कि यह दिवस एक तिथि नहीं बल्कि भारत के गौरव, साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट गाथा है। कारगिल पर्वत ऊंचाई पर है तथा युद्ध में इसको जितना चुनौती पूर्ण था, किंतु भारतीय सेना ने यह कार्य कर दिखाया। प्राची शर्मा ऑपरेशन सिंदूर की हिस्सा रहीं है, इसलिए उन्होंने इस युद्ध में घटित घटनाओं को छात्रों के बीच साझा किया और उनके जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।



नायक सूबेदार मणिशंकर साहू ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के सैनिकों की गौरवपूर्ण जीत और देश के लिए जवानों की शहादत को याद किया। कैप्टन विक्रम बत्रा ने राइफलमैन संजय, मनोज कुमार पांडेय की देश सेवा की चर्चा की। वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस लड़ाई में 527 सैनिकों की शहादत हुई थी। आज के दिन पूरा देश उनकी शहादत को सलाम करता है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एचएस होता, रतनपुर के शिक्षक अनिल शर्मा प्रो. गौरव साहू, प्रो. आदित्य सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सुमोना भट्टाचार्य, रेवा कुलश्रेष्ठ सहित सभी अतिथि शिक्षक ,एनएसएस के स्वयंसेवक और एमबीए के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रो. अतुल दुबे ने किया।

### सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सिहावा सभागार में हुआ, जहां प्राध्यापकों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भुवन सिंह राज ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा, कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने हमें यह सिखाया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे परीक्षा नियंत्रक मनीष साव ने कारगिल विजय की 26वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारत की सेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. हीरालाल शर्मा, प्रो. धनंजय मिश्रा ने कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### नवीन कन्या में निबंध व पोस्टर स्पर्धा



शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शशिकला सिन्हा ने की उन्होंने कहा कि यह विजय भारत के अदम्य साहस रणनीति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एल एन दुबे ने छात्राओं से अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश की सीमायें सुरक्षित रखने वाले सैनिको का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपिका महोबिया के द्वारा किया गया। देश भक्ति एवं राष्ट्रप्रेम विषय पर प्रतियोगिताओं में बायो ग्रुप की छात्रा प्रियाशा केशरवानी ने प्रथम एवं गौरी शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में प्राजंली गुप्ता को प्रथम, सुमन शुक्ला को द्वितीय एवं सोनल मिरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में चंद्रकांता कुर्रे को प्रथम, मानसी राजपूत को द्वितीय एवं श्रद्धा रानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. शोभा महिश्वर, डॉ. दीपक कुमार शुक्ला, डॉ ललिता साहू, डॉ. अनूपा तिर्की, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. रश्मि जैन सहित कर्मचारी एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## विज्ञान महाविद्यालय में याद किए गए वीर शहीद

विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वीर शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम अध्यक्ष तथा मुख्य वक्ता डॉ. केपी. तिवारी, रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी.साहू थे। मंच संचालक डॉ. उषा तिवारी के नेतृत्व में शपथ ग्रहण, कविता प्रस्तुतीकरण, अतिथि उद्बोधन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ तिवारी ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम तथा शौर्य पर प्रकाश डाला। अंत में कारगिल विजय पर बनी एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रसारित की गई। देश के वीर जवानों के प्रति स्वयंसेविका अर्पिता साहू ने एक कविता की प्रस्तुति दी।

# पांच साल में पैसों को डबल, ट्रिपल करने वाले सात फंड, निवेशकों को बड़ा फायदा

■ हाइब्रिड कैटेगरी की स्कीम्स ने इक्विटी को दी कड़ी टक्कर
■ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स ने 5 साल में दिया बढ़िया रिटर्न
■ निवेशकों के पैसों को दो से तीन गुना तक कर दिया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड्स से हाई रिटर्न हासिल करने की बात हो तो आम तौर पर हमारा ध्यान इक्विटी स्कीम की तरफ ही जाता है, लेकिन हाइब्रिड फंड्स की एक कैटेगरी ऐसी है, जो निवेशकों को ऊंचा रिटर्न देने के मामले में इक्विटी फंड्स को टक्कर दे सकती है। ये कैटेगरी है डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड्स यानी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स की। इस कैटेगरी के टॉप 7 फंड्स ने 5 साल में निवेशकों के पैसों को डबल-ट्रिपल करके दिखाया है। साथ ही सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर भी इनका सालाना रिटर्न काफी आकर्षक रहा है। इन टॉप 7 बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, निप्पॉन इंडिया, आईसीआईसीआई प्रू, टाटा म्यूचुअल फंड, बड़ौदा बीएनपी परीबा और आदित्य बिरला सनलाइफ जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं।

### ऐसा रहा प्रदर्शन

टॉप 7 बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स का पिछले 5 साल का एनुअल रिटर्न करीब 15% से 24% तक रहा है. इन सभी फंड्स ने 5 साल पहले किए गए 1 लाख रुपये के निवेश को दो लाख से तीन लाख रुपये में तब्दील कर दिया है. इतना ही नहीं, इन सभी फंड्स ने **SIP** के जरिये किए गए निवेश पर भी साल दर साल 13% से लेकर 21% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया है. आइए डालते हैं इन सभी फंड्स के पिछले प्रदर्शन पर एक नजर।

1. एचडीएफसी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 24.62%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 3 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 10.12 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न: 21.02%)

2. बड़ौदा बीएनपी परीबा बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 17.03%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.20 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.89 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न: 15.74 %)

3. एडेलवाइज बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.92%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.09 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.44 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.6%)

4. आदित्य बिरला सनलाइफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.71%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.08 लाख
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.60 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.4%)

## 5 साल में 15 से 24% तक एनुअल रिटर्न दिया



5. निप्पॉन इंडिया बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.67%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.07 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.52 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.02%)

6. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.52%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.06 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.52 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.99%)

7. टाटा बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 14.99%
- 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.01 लाख रुपये
- 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.32 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.03%)

### बेंचमार्क और रिस्क लेवल

इन सभी हाइब्रिड फंड्स का बेंचमार्क इंडेक्स इन दो में से कोई एक है - निफ्टी 50 हाइब्रिड कंपोजिट डेट 50:50 इंडेक्स, जिसका पिछले 5 साल का सीएजीआर 12.70% रहा है या क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 मॉडरेट इंडेक्स, जिसका 5 साल का सीएजीआर 13.62% है। सभी 7 फंड्स को रिस्कोमीटर पर बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग दी गई है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की निवेश रणनीति

पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट के बीच फंड एलोकेशन को वक्त के हिसाब से बदलने की रणनीति बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड (**Balanced Advantage Fund or Dynamic Assest Allocation**) की सबसे बड़ी खूबी है. इस रणनीति की बदौलत ये म्यूचुअल फंड बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच भी बेहतर और स्टेबल रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं. सेबी के नियमों के तहत इन फंड्स के मैनेजर को इक्विटी और डेट के बीच अपना फंड एलोकेशन जीरो से 100% तक बदलते रहने की छूट मिली हुई है। इस रणनीति का एक फायदा यह भी है कि अगर फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश को 65% या उससे ऊपर रखता है, तो इसमें निवेश पर इक्विटी फंड्स की तरह टैक्स बेनिफिट भी मिल सकते हैं। हालांकि इक्विटी में ज्यादा एक्सपोजर की संभावना के कारण बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में रिस्क भी अधिक रहता है. इसलिए इनमें निवेश का फैसला करने से पहले अपनी रिस्क बर्दाश्त करने की क्षमता को परख लेना चाहिए और हमेशा लंबी अवधि के लिए पैसे लगाने की तैयारी रखनी चाहिए. साथ ही यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि म्यूचुअल फंड का पिछला रिटर्न भविष्य में जारी रहने की गारंटी नहीं होती।

*(डिस्क्लेमर : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना है, निवेश की सलाह देना नहीं, निवेश का कोई भी फैसला अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह लेने के बाद ही करें।)*

# जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ, बढ़ाते जाएं अपना निवेश, जल्द बनेंगे करोड़पति

सुझाव
बिजनेस डेस्क

■ हमेशा लंबी अवधि का लक्ष्य लेकर चलें, इससे बढ़िया रिटर्न मिलेगा
■ अपनी रिस्क क्षमता को जांच लें, अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं
■ हर साल अपने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान को भी अपग्रेड करें
■ अपनी कमाई का कम से कम दस फीसदी हिस्सा बचत में लगाएं

अगर आप भी निवेश के जरिये अच्छा पैसा जुटाना चाहते हैं तो अपने जीवन में आगे बढ़ने के साथ साथ निवेश को भी बढ़ाते जाएं। इससे आपको जल्द करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। आप अपने सपने आसानी से पूरे कर पाएंगे। इसके लिए जरूरी है, अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाए। अपने जीवन में आगे बढ़ने के साथ साथ निवेश को भी बढ़ाते जाएं यानी निवेश के लिए स्टेप-अप एसआईपी के फार्मूले को अपनाएं। अपने अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाएं और अपनी इनकम का कम से कम दस फीसदी निवेश जरूर करें और इसे हर साल बढ़ाते जाएं। फिर देखना आपका पैसा दिन दूनी और रात चौगुनी के साथ बढ़ेगा। नए अवसर, बड़े सपने और बदलती जीवनशैली के साथ जीवन आगे बढ़ते रहने की कहानी है। जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, वैसे-वैसे आपकी ख्वाहिशें और खर्च भी बढ़ते हैं। क्या आपकी निवेश रणनीति भी इसी रफ्तार से आगे बढ़ रही है? जिस तरह आप अपने सपनों की नई बाइक खरीदते हैं, या बेहतर घर में शिफ्ट होते हैं, उसी तरह जरूरी है कि आप अपने एसआईपी (सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान) को भी अपग्रेड करें ताकि, वो आपके बदलते जीवन के साथ कदम से कदम मिला सके। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि स्टेप-अप एसआईपी (एसआईपी राशि को बढ़ाना) क्या है और कैसे यह आपको वित्तीय रूप से आगे बनाए रखने में मदद करता है।




### स्टेप-अप एसआईपी क्या है

■ स्टेप-अप एसआईपी (जिसे टॉप-अप एसआईपी भी कहा जाता है) एक ऐसी सुविधा है जिसमें आप अपने एसआईपी निवेश को तय अंतराल पर (सालाना या अर्धवार्षिक) एक निश्चित राशि या प्रतिशत के हिसाब से बढ़ा सकते हैं। इसका मतलब है कि हर महीने एक ही राशि निवेश करने की बजाय, आप जैसे-जैसे कमाते हैं, वैसे-वैसे अपना निवेश भी बढ़ाते हैं। इसलिए स्टेप-अप एसआईपी जरूरी : बढ़ती आय और खर्चों के साथ तालमेल

■ जब आपकी सैलरी बढ़ती है या प्रमोशन होता है, तो आपकी जीवनशैली भी बेहतर होती है। शायद आप नई बाइक खरीदते हैं, बेहतर फ्लैट में शिफ्ट होते हैं, या खूब घूमते हैं। ऐसे में खर्च बढ़ता है और आर्थिक लक्ष्य भी बड़े हो जाते हैं। एसआईपी को स्टेप-अप करके आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आपकी बढ़ती आय और आकांक्षाओं के साथ आपके निवेश का तालमेल बना रहे।

### महंगाई को मात

हर साल महंगाई की वजह से जीवन-यापन में होने वाला खर्च बढ़ता रहता है। अगर आपकी एसआईपी की राशि एक समान ही रहती है, तो भविष्य में वह आपकी ज़रूरतों, लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाएगी। एसआईपी बढ़ाने से आपका निवेश तेज़ी से बढ़ता है और आप महंगाई के असर से बेपरवाह रह सकते हैं।

### स्टेप-अप एसआईपी कैसे काम करता है?

- मान लीजिए आप 5,000 रुपये प्रति माह की एसआईपी शुरू करते हैं, जिसमें हर साल 1,000 रुपये स्टेप-अप करते हैं।
- पहले साल में, आप 5,000 रुपये/माह निवेश करते हैं
- दूसरे साल में, यह 6,000 रुपये/माह हो जाता है
- तीसरे साल में, 7,000 रुपये/माह, और यह इसी तरह आगे बढ़ता है।
- इस तरह धीरे-धीरे बढ़ती एसआईपी आपकी बढ़ती सैलरी के साथ मेल खाती है। जैसे-जैसे आपका वेतन बढ़ता है, आपका निवेश भी बढ़ता है और आपकी जेब पर भी एकसाथ ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।

### असरदार तरीका

स्टेप-अप एसआईपी यह सुनिश्चित करने का एक आसान, लेकिन असरदार तरीका है कि आपका निवेश आपकी ज़िंदगी की गति के साथ आगे बढ़े। जैसे-जैसे आपकी आमदनी और ज़रूरतें बढ़ती हैं आप अपनी एसआईपी को बढ़ाकर नए सपनों और आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होंगे।

### बड़े लक्ष्य जल्दी हासिल करें

स्टेप-अप एसआईपी के ज़रिए आप अपने आर्थिक लक्ष्यों को जल्दी हासिल कर सकते हैं। इसकी मदद से आप बड़े सपनों जैसे लग्ज़री कार, विदेश यात्रा या रिटायरमेंट के लिए बड़ी रकम को भी बिना किसी आर्थिक तनाव के हसिल कर सकते हैं।

### चक्रवृद्धि ब्याज़ की ताकत का जादू

हर साल एसआईपी की राशि थोड़ी सी भी बढ़ाने पर लंबे समय में आपकी संपत्ति में बड़ा फ़र्क देखने को मिल सकता है। जितनी जल्दी और जितना अधिक आप निवेश करते हैं, रिटर्न उतना ही ज़्यादा होता है। इसी को चक्रवृद्धि ब्याज़ की ताकत कहते हैं।

# आईटीआर फाइलिंग : कुछ गलतियों की वजह से आ सकता है नोटिस

● जुर्माना भी लग सकता है और रिटर्न रिजेक्ट होने का भी रहता है खतरा ● टैक्सपेयर्स अक्सर आईटीआर फॉर्म चुनने में कर जाते हैं बड़ी गलतियां ● वेरिफिकेशन में गलती करते हैं, तो बढ़ सकती है आपकी परेशानी

जानकारी
बिजनेस डेस्क

इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना हर साल टैक्सपेयर्स के लिए एक जरूरी काम होता है, लेकिन कई बार इसमें छोटी-छोटी गलतियां उनके लिए भारी पड़ जाती हैं। वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर 2025 तक है। इस बीच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर-1, 2, 3 और 4 के लिए एक्सेल यूटिलिटी जारी कर दी हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, जल्दबाजी या जानकारी की कमी के कारण कई बार टैक्सपेयर्स ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो नोटिस, जुर्माना या रिटर्न के रद्द होने का कारण बन सकती हैं। आइए जानते हैं, सात ऐसी आम गलतियों के बारे में, जिनसे टैक्सपेयर्स को बचना चाहिए।




### गलत आईटीआर फॉर्म चुनना

सबसे आम गलती है गलत आईटीआर फॉर्म का चयन। हर फॉर्म खास तरह की आय और टैक्सपेयर्स के लिए बनाया गया है। मिसाल के तौर पर, अगर आपने शेयरों की बिक्री से 1.25 लाख रुपये से ज्यादा का लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन कमाया है या आपके पास किसी विदेशी बैंक में अकाउंट है, तो आप आईटीआर-1 की जगह आईटीआर-2 भरना होगा। गलत फॉर्म चुनने से आपकी रिटर्न 'डिफेक्टिव' मानी जा सकती है या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से नोटिस आ सकता है। इसलिए, अपनी आय के सोर्स को ध्यान से देखें और सही फॉर्म चुनें।

### सभी आय के सोर्स न बताना

कई टैक्सपेयर्स अपनी सारी आय को रिटर्न में नहीं दिखाते, चाहे वह टैक्सेबल हो या नहीं। मसलन, बचत खाते का ब्याज, फिक्स्ड डिपॉजिट का ब्याज, किराए की आय या शेयरों से डिविडेंड को छिपाना गलत है। भले ही बचत खाते के ब्याज पर 10,000 रुपये तक की छूट मिलती हो, लेकिन इसे रिटर्न में दिखाना जरूरी है। आय छिपाने से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की नजर में आप गलत ठहर सकते हैं, जिससे नोटिस या जुर्माना लग सकता है।

### नौकरी बदलने पर आय छिपाना

अगर आपने वित्त वर्ष में नौकरी बदली है, तो दोनों एम्प्लॉयर्स से मिली आय को रिटर्न में दिखाना जरूरी है। दोनों की फॉर्म-16 को ध्यान से देखें और सुनिश्चित करें कि कोई आय छूट न जाए। कई बार टैक्सपेयर्स पुराने एम्प्लॉयर की आय या टीडीएस की जानकारी छोड़ देते हैं, जो गलत है। एआईएस में आपकी सारी आय की जानकारी होती है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश न करें, वरना नोटिस का सामना करना पड़ सकता है।

### फॉर्म 26एएस की जांच न करना

रिटर्न फाइल करने से पहले फॉर्म 26 एएस और एनुअल इन्फॉर्मेशन स्टेटमेंट (एआईएस) की जांच करना जरूरी है। ये डॉक्यूमेंट्स आपकी आय, टीडीएस और बड़े लेनदेन की जानकारी देते हैं। अगर इनमें कोई गलती है, जैसे बैंक द्वारा काटा गया टीडीएस गलत दिख रहा हो, तो उसे ठीक करवाएं। इन डॉक्यूमेंट्स का मिलान फॉर्म-16, बैंक स्टेटमेंट और अन्य रिकॉर्ड से करें। अगर जानकारी में अंतर हुआ, तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से नोटिस आ सकता है।

### गलत डिडक्शन का दावा करना

कई टैक्सपेयर्स बिना सबूत के सेक्शन 80सी, 80डी या अन्य छूट का दावा कर लेते हैं। उदाहरण के लिए, बच्चों की स्कूल फीस, एलआईसी प्रीमियम या मेडिकल इंश्योरेंस के लिए छूट तभी ले सकते हैं, जब आपके पास वैध डॉक्यूमेंट हों। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अब एआईएस और एआइ टूल्स के जरिए ऐसी गलतियों को आसानी से पकड़ लेता है। अगर आप बिना सबूत के छूट लेते हैं, तो नोटिस मिल सकता है या रिटर्न रद्द हो सकता है।

### विदेशी संपत्ति की जानकारी न देना

अगर आपके पास विदेशी बैंक खाता, शेयर या दूसरी संपत्ति है, तो उसे रिटर्न में बताना जरूरी है। बजट 2024 में नियमों में थोड़ी ढील दी गई है, जिसमें 20 लाख रुपये तक की चल संपत्ति को न दिखाने की छूट दी गई है। लेकिन इसके बावजूद, पूरी जानकारी देना अनिवार्य है। विदेशी संपत्ति छिपाने पर पहले 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगता था, लेकिन नए नियमों के बावजूद सावधानी बरतें।

### रिटर्न का वेरिफाई न करना

रिटर्न फाइल करने के बाद उसे 30 दिनों के अंदर वेरिफाई करना जरूरी है। यह सत्यापन आधार ओटीपी , नेट बैंकिंग या आईटीआर वी को डाक से भेजकर किया जा सकता है। अगर आप वेरिफाई नहीं करते, तो रिटर्न को अमान्य माना जाता है, जैसे कि आपने रिटर्न फाइल ही नहीं किया। कई टैक्सपेयर्स यह भूल जाते हैं, जिससे उनकी रिटर्न प्रक्रिया अधूरी रह जाती है और जुर्माना लग सकता है।

**ऋण** एमएफ लोन पर ब्याज दर सोने या एफडी पर लोन से अधिक, लोन लेने का फैसला करने से पहले सभी विकल्पों पर विचार करें

*अपने म्यूचुअल फंड निवेश को बेचने के बजाय, आप उन पर लोन ले, इससे आपकी एसआईपी चलती रहेगी*

# म्यूचुअल फंड पर भी ले सकते हैं लोन, लेकिन जान लें कुछ बातें क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन की तुलना में एमएफ पर लोन सस्ता

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी लोन लेन जा रहे हैं और म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश करते हैं जो आपके लिए म्यूचुअल फंड पर लोन लेना बेहतर विकल्प हो सकता है। चूंकि म्यूचुअल फंड पर लोन क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन की तुलना में काफी सस्ता होता है। हालांकि इसकी ब्याज दर सोने या एफडी पर लोन लेने की तुलना में अधिक हो सकती हैं। फिर भी लोन लेने से पहले सभी विकल्पों पर विचार कर लिया जाना चाहिए। इससे आप आसानी से और सस्ती ब्याज दरों पर लोन ले सकेंगे। जीवन में कई कारणों से कभी-कभी अस्थायी रूप से पैसों की तंगी का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यह घर के नवीनीकरण, परिवार में शादी या किसी चिकित्सा आपात स्थिति के कारण हो सकता है। ऐसी नकदी की तंगी की स्थिति में, सबसे पहला विचार यही आता है कि अपनी बचत का इस्तेमाल करें और नुकसान होने पर भी अपने निवेश को बेच दें। और अगर इससे भी काम न चले, तो आप ऋण लेने की सोचते हैं। हालांकि, निवेश को बेचना सबसे अच्छा उपाय नहीं है। अपने म्यूचुअल फंड निवेश को बेचने के बजाय, आप उन पर लोन ले सकते हैं। जी हां, जैसे आप लोन के लिए सोना और रियल एस्टेट जैसी अन्य संपत्तियां गिरवी रख सकते हैं, वैसे ही आप बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से अपने म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स पर लोन ले सकते हैं। एमएफ पर लोन लेने से पहले आप 6 प्रमुख बातों के बारे में जान लें। ये आपके काफी काम आएंगी।

### म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स की एक सीमा तक ही ऋण मिलेगा

आपके म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स के बदले आपको मिलने वाले ऋण की राशि काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि आपने किस प्रकार की म्यूचुअल फंड योजना में निवेश किया है और आप किस वित्तीय संस्थान से ऋण लेंगे। उदाहरण के लिए, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई जैसे बैंक आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड के मामले में नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के 50% तक और डेट म्यूचुअल फंड के मामले में 80% तक का लोन देते हैं। दूसरी ओर, एक्सिस बैंक आपकी डेट म्यूचुअल फंड योजनाओं के मूल्य के 85% तक और इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं के मूल्य के 60% तक का लोन प्रदान करता है।




### सभी बैंक सभी म्यूचुअल फंडों पर ऋण नहीं देते

कई बैंक केवल उनके द्वारा चयनित म्यूचुअल फंड योजनाओं के आधार पर ही ऋण देते हैं। उदाहरण के लिए, एसबीआई केवल एसबीआई म्यूचुअल फंड की म्यूचुअल स्कीमों पर ही ऋण देता है। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक भी उन स्कीमों के बारे में चयनात्मक हैं जिन पर वे ऋण देते हैं। ये दोनों निजी बैंक कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सीएएमएस) के साथ पंजीकृत एसेट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा प्रबंधित म्यूचुअल फंड स्कीमों पर ऋण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार, एक्सिस बैंक ने अपनी वेबसाइट पर म्यूचुअल फंड योजनाओं का एक सेट सूचीबद्ध किया है, जिसके आधार पर वह धन उधार देता है।

### मिलने वाला ऋण राशि की ऊपरी सीमा

किसी भी प्रकार के ऋण की तरह, म्यूचुअल फंड पर दिए जाने वाले ऋणों की भी कुछ सीमाएं होती हैं। कई बैंकों ने आपको मिलने वाले ऋण की अधिकतम और न्यूनतम सीमा तय कर रखी है। उदाहरण के लिए, आईसीआईसीआई बैंक जैसे अधिकांश बड़े निजी बैंकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड के मामले में न्यूनतम ऋण राशि 50,000 रुपये और अधिकतम राशि 20 लाख रुपये तथा डेट म्यूचुअल फंड के मामले में 1 करोड़ रुपये तक निर्धारित की है। एनबीएफसी के मामले में, न्यूनतम और अधिकतम दोनों सीमाएं आमतौर पर ज़्यादा होती हैं। उदाहरण के लिए, आदित्य बिड़ला फाइनेंस में न्यूनतम ऋण राशि 25 लाख रुपये और अधिकतम 10 करोड़ रुपये है। बजाज फिनसर्व के मामले में भी यही स्थिति है।

### ऋण की लागत व्यक्तिगत ऋण व क्रेडिट कार्ड ऋण से कम

म्यूचुअल फंड पर लोन का एक प्रमुख लाभ यह है कि आपको क्रेडिट कार्ड लोन या पर्सनल लोन की तुलना में कम ब्याज दर मिलती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि म्यूचुअल फंड पर लोन सुरक्षित होते हैं, यानी उनके पीछे कोई संपार्श्विक होता है। उदाहरण के लिए, आपको म्यूचुअल फंड पर लिए गए लोन पर 8-10% की ब्याज दर चुकानी होगी। यह आपके द्वारा चुनी गई बैंक और म्यूचुअल फंड योजनाओं के आधार पर अलग-अलग होगा। अगर आप डेट फंड योजनाओं की यूनिटें गिरवी रखते हैं तो ब्याज दर कम होती है, और अगर आप इक्विटी फंड की यूनिटें गिरवी रखते हैं तो ब्याज दर ज़्यादा होती है।

दूसरी ओर, क्रेडिट कार्ड लोन या पर्सनल लोन जैसे असुरक्षित लोन के मामले में, लोन आपकी किसी भी वित्तीय संपत्ति द्वारा समर्थित नहीं होता है। इसलिए, बैंक द्वारा उठाए जा रहे उच्च जोखिम के अनुरूप, आपसे 8-10% से अधिक ब्याज दर वसूलने की संभावना होती है।

### गिरवी रखी गई एमएफ यूनिटों पर रिटर्न मिलता रहेगा

जब आप अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स को गिरवी रखकर उन पर लोन लेते हैं, तो वे यूनिट्स बाज़ार में निवेशित रहती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स किसी बैंक में गिरवी रखते हैं, तो आप बैंक को यह अधिकार देते हैं कि वह म्यूचुअल फंड यूनिट्स को तभी बेचे जब आप डिफॉल्ट करें। लेकिन जब तक आप डिफॉल्ट नहीं करते, तब तक आपके निवेश बाज़ार से जुड़े रहते हैं और आप उन पर रिटर्न कमाते रहते हैं। इस प्रकार, आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आपकी वित्तीय योजना अभी भी बरकरार है और साथ ही आप किसी भी यूनिट को भुनाए बिना अल्प सूचना पर आवश्यक पूंजी जुटा सकते हैं।

### ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

तकनीक की बदौलत, एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई जैसे कई बैंक अब आपके म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स पर ऑनलाइन लोन दे रहे हैं। आपको बस अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स ऑनलाइन गिरवी रखनी हैं और अपने खाते में ओवरड्राफ्ट लिमिट सेट करवानी है। ओवरड्राफ्ट सुविधा का मतलब है आपके बैंक के साथ एक क्रेडिट समझौता जिसके तहत आप अपने खाते में जमा राशि से ज़्यादा पैसे निकाल सकते हैं। इसकी एक पूर्व-स्वीकृत सीमा होती है।

## खबर संक्षेप

### मानस मर्मज्ञ आचार्य विनयकांत का होगा भव्य स्वागत आज

**बिलासपुर।** श्रीधाम वृंदावनवासी, मानस मर्मज्ञ, प्रख्यात भजन गायक व कथाकार आचार्य विनयकांत महाराज का जमशेदपुर में शिवकथा पाठ कर वापस वृंदावन प्रस्थान पर 28 जुलाई सोमवार की दोपहर उत्कल एक्सप्रेस से



अकलतरा में नानकचंद अग्रवाल व रेखा अग्रवाल द्वारा स्वागत के पश्चात बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आत्मीय स्वागत किया जाएगा। प्रतिष्ठित समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल, त्रिलोकचंद अग्रवाल, सूरजमल अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, बजरंगलाल अग्रवाल, पूरनमल अग्रवाल, प्रो विनोद अग्रवाल, बलदेव अग्रवाल, बैंकर्स क्लब समन्वयक ललित अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, शिवचंद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल ने बिलासपुर के श्रद्धालुओं से महाराजश्री का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### छठघाट में सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ आज

**बिलासपुर।** जय वंदेमातरम् संगठन व रुद्राणी सेना द्वारा सोमवार 28 जुलाई को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कोई भी शुभ कार्य करने से पहले गणेशजी का वंदन करते हैं इसलिए संगठन ने यह निर्णय लिया है कि 27 जुलाई रविवार को शाम 4 बजे गणेश भगवान की स्तुति कर सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ छठ घाट पर किया जाएगा। सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सनातनी बंधु पहुंच कर सुंदर कांड का लाभ उठाएं।

### जेपी वर्मा कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव आज

**बिलासपुर।** विकसित भारत अभियान विश्व हिंदी परिषद छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा रविवार 27 जुलाई शाम को श्रावण मास में सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश भर से आए कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार यदु ने बताया कि यह उत्सव शाम तीन बजे शासकीय जे.पी. वर्मा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर में होगा। इसमें कथक नृत्यांगना आंचल पांडेय कथक व ओडिसी नृत्य, आयुषी शुक्ला शास्त्रीय व सुगम संगीत, राकेश सारथी वाद्य कलाकार, समृद्धि यादव रायपुर भरत नाट्यम, अनंत वाजपेयी रायपुर गायन, सृष्टि गर्ग कथक, शौर्या भारत कथक, प्राख्या खंडेलवाल कथक, राम निहोरा राजपूत भजन गायन और अरविंद दिवाकीर्ति गायन प्रस्तुत करेंगे।

### जय वंदेमातरम संगठन निकालेगा भव्य कांवड़ यात्रा 28 को

**बिलासपुर।** जय वंदेमातरम् संगठन द्वारा 28 जुलाई को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन का यह तृतीय वर्ष है। इस वर्ष भी संगठन द्वारा कावड़ यात्रा की भव्य तैयारी गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन के द्वारा विगत दो वर्षों से बिलासपुर के शिव भक्त जो किसी कारण वश सावन के पवित्र माह में होने वाले कावड़ यात्रा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे शिव भक्तों के लिए जय वंदेमातरम् संगठन द्वारा कावड़ यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष कावड़ यात्रा को वृहद स्वरूप देने के लिये आकर्षक झांकियां तैयार की गई है। जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। पूर्व वर्ष की भांती इस वर्ष भी शिव भक्त महिलाएं बच्चे और बड़ी संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होने जा रहे हैं। इस कावड़ यात्रा में बिलासपुर के सभी शिव भक्त कावड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह जानकारी आकाश यादव ने दी।

### हास्य हर्बल योग के रैंप वाक में संध्या प्रथम



**बिलासपुर।** हास्य हार्बल कन्हैया और जकर ग्रुप द्वारा आयोजित महिला वर्ग के रैंप वाक में संध्या नाग प्रथम रही। योग केंद्र के सदस्यों व पदाधिकारियों ने उन्हें क्लब की ओर से पुरस्कार कर उनका हौसला बढ़ाते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया। इस दौरान क्लब के साथियों की ओर से आने वाले राखी पर्व को देखते हुए संस्था की ओर से राखी भेजने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए क्लब के सदस्यों को प्रेरित किया जा रहा है। हमारे वीर जवानों की सुरक्षा के लिए बहने राखी बनाकर भेजने में जुटी हैं।

### लायंस क्लब वसुंधरा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण




**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा का सत्र 2025- 26 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि रिपू दमन पुसरी, पवन मलिक, दिलीप भंडारी विशेष अतिथि नितिन सलूजा एवं आशीष अग्रवाल शपथ अधिकारी बी महेश कुमार, अर्चना तिवारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन रश्मि लता मिश्रा ने किया एवं निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर शोभा त्रिपाठी ने कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की। शपथ अधिकारी बी महेश ने अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ,उपाध्यक्ष मंगला देवरस, हंसा सेलारका,सलमा बेगम, मंगला कदम, सुधा परिहार, सुजाता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी और सह सचिव संजना मिश्रा, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा और सहकोषाध्यक्ष अणिमा मिश्रा अंबुज पांडेय, टेमर उषा मुदलियार, शारदा कश्यप, सुधा परिहार ने अपने पद की शपथ ली। बीओडी मेंबर में शोभा त्रिपाठी, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, प्रिया शर्मा, मंगला कदम सावित्री जायसवाल मंजू मिश्रा,अंबुज पांडे, रत्ना खरे अणिमा मिश्रा, वायला सिंह प्रिया शर्मा को अपने पद की शपथ दिलाई गई।

---

**चौथे राउंड का एडमिशन चल रहा** | **फर्स्ट ईयर में लगभग 10 हजार छात्र-छात्राओं ने अब तक लिया प्रवेश**

# कालेजों में तीसरे राउंड के एडमिशन के बाद भी 20 हजार सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में फर्स्ट ईयर में एडमिशन की स्थिति खराब है। अभी तक तीन राउंड का एडमिशन समाप्त हो चुका है और 10 हजार के आसपास ही एडमिशन हो पाए हैं, जबकि लगभग 20 हजार सीटें अभी खाली बची हुई है। चौथे राउंड के तहत मेरिट आधार पर 30 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा।

कालेजों में इस सत्र फर्स्ट ईयर में एडमिशन काफी धीमा चल रहा है। जुलाई महिना समाप्त होने को है और अभी भी एडमिशन के लिए कालेज वालों को फ्रेशर छात्र-छात्राओं का इंतजार करना पड़ रहा है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं को मेरिट आधार पर फर्स्ट ईयर में एडमिशन दिया जा रहा है। इसके लिए कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी की गई थी, जिसपर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट

| पाठ्यक्रम | कुल सीटें |
|---|---|
| बीए | - 11825 |
| बीकाम | - 7545 |
| बीएससी बायो | - 7318 |
| बीएससी गणित | - 4427 |
| बीसीए | - 1685 |
| बीबीए | - 810 |
| बीएससी एचएम | - 20 |
| बीकाम एलएलबी- | 240 |
| डीसीए | - 2170 |
| बीएएलएलबी | - 360 |

लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई, जिसमें 15 जुलाई तक एडमिशन चला। कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को निकाली गई थी जिसपर 22 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। 23 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली जा चुकी है, जिसके अनुसार 30 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त 125 कालेजों में फर्स्ट ईयर की 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें करीब 10 हजार से अधिक सीटों पर एडमिशन हो चुका है।

वहीं लगभग 20 हजार सीटें अभी भी खाली बची है। कालेजों द्वारा प्रवेश पोर्टल बंद नहीं किया गया है इसलिए अभी वास्तविक आंकड़ा आना बाकी है।

### इंजीनियर में चल रहा एडमिशन मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र

इस साल फर्स्ट ईयर में कम और धीमा एडमिशन को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन से लेकर कालेज प्रबंधन के लोग भी चिंतित हैं। एडमिशन की धीमी गति को लेकर कालेजों में चर्चा भी बनी हुई है। इसके पीछे कुछ वजह भी बताई जा रही है, जिसमें एक तो अभी इंजीनियरिंग कालेजों में भी एडमिशन चल रहा है। कई छात्र अभी इंजीनियरिंग करें या फिर कालेजों में बीएससी, बीए या बीकाम आदि करें यह विचार कर रहें। इसी तरह मेडिकल की तैयारी में लगे हुए छात्र-छात्राएं भी कालेजों में एडमिशन नहीं ले पाएं है। हाल ही में सीयूईटी का रिजल्ट आया है और गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी यूजी कोर्सेस में एडमिशन शुरू हो रहा है।

---

**खिलाड़ियों से ग्राउंड छीनकर स्टेशन का किया जा रहा डेवलपमेंट**

# रेलवे ने खेल मैदान को बनाया गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेलवे क्षेत्र के जिस उर्दू स्कूल के ग्राउंड में जहां संतोष ट्राफी और राज्य व राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल प्रतियोगिता के अलावा खिलाड़ी अभ्यास करते थे। उन खिलाड़ियों से ग्राउंड को छिनकर जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में किए जा रहे स्टेशन डेवलपमेंट कार्य के ठेकेदार को दे दिया गया है। ठेकेदार ने ग्राउंड में चारों ओर से शेड लगाकर घेराबंदी कर दिया है, जहां 392 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित कार्य में लगने वाले सामान व अन्य मलबे को रखने के लिए गोदाम बना दिया गया है।

रेलवे क्षेत्र में कर्मचारियों और अधिकारियों केनिवास के लिए मकान, बीमारी से निपटने के लिए केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय, बच्चों की पढ़ाई के लिए इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल के अलावा खिलाड़ियों के लिए बाक्सिंग ग्राउंड, क्रिकेट, बैडमिंटन, जिम के लिए सेकेरसा मैदान, फुटबाल, तैराकी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, स्केटिंग व अन्य खेलों के लिए रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के मैदान के साथ हैंडबाल व कबड्डी के लिए एनईआई के सामने मैदान की सुविधा देकर रखी गई है। रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों में 20 से 30 फीसदी कर्मचारियों की संख्या खिलाड़ियों की है, जो किसी न किसी खेल से जुड़े हुए हैं। इन खिलाड़ियों के लिए रेल प्रशासन पूरी छूट देकर रखी हुई है। रेलवे क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में सबसे करीब तारबाहर, व्यापार विहार, सिरगिट्टी नगर पंचायत, चुचुहियापारा का भी है। रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए रेल क्षेत्र में बनाए गए मैदान में खेलने की छूट है, लेकिन बाहर वालों को रेलवे की ओर से किसी तरह की अनुमति नहीं दी जाती है। इसे देखते हुए गिरजा चौक से तारबाहर वाले रास्ते पर एक खाली जमीन पर मेहनत करते हुए खिलाड़ियों ने खेल का मैदान बनाया। इस मैदान में फुटबाल के मैच और बच्चों को प्रशिक्षण भी देने के साथ कई प्रतियोगिता भी शुरु कराई गई थी, जिसमें जिला फुटबाल संघ भी पूरा सहयोग करता था। फुटबाल की प्रतियोगिता नहीं होने और मैदान खाली होने पर आसपास क्षेत्र के बच्चे इस ग्राउंड में क्रिकेट खेलते थे। अचानक बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्टेशन डेवलपमेंट कार्य शुरु होने से पहले ग्राउंड के चारों ओर शेड लगाकर घेराबंदी करते हुए बच्चों से उनके खेल का मैदान छीन लिया गया है।

### स्टेशन डेवलपमेंट का सामान डंप

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है, जो कि पिछले कुछ दिनों से बंद पड़ा हुआ है। इस कार्य का ठेका झांझरिया निर्माण कंपनी को मिला है, जिसकी ओर से स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में लगाए जाने वाले सामानों को डंप करने के लिए पहले सेकेरसा के बगल में पड़ी खाली जगह मांगी थी, लेकिन स्पोर्टस काम्पलेक्स व अन्य कार्यों को आगामी दिनों में करने के कारण रेल प्रशासन ने उन्हें जगह उपलब्ध नहीं कराई। इसके कारण कंपनी को मजबूरी में उर्दू स्कूल के पास बच्चों के ग्राउंड में स्टेशन डेवलपमेंट का सामान डंप करना पड़ा।

### काम के बाद ग्राउंड रेलवे के पास

उर्दू स्कूल के पास खाली ग्राउंड पर स्टेशन डेवलपमेंट का सामान रखकर चारों ओर शेड लगाकर घेराबंदी की गई है। कंपनी को इसी शर्त पर उक्त जगह को उपलब्ध कराया गया है कि वह कार्य को समाप्त करने के बाद घेराबंदी करने वाले शेड को भी नहीं हटाएगा। वह ग्राउंड भी सेकेरसा की तरह हो जाएगा। काम करने के बाद कंपनी उक्त स्थान को रेल प्रशासन को हैंडओवर कर देगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### डी.पी. विप्र महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** डी. विप्र महाविद्यालय ऑटोनॉमस कॉलेज एवं अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सोफिया सुल्ताना स्त्रीरोग विशेषज्ञ थीं। अध्यक्षता राजकुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अजय जाडे, प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल ने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही। स्वस्थ समाज के लिए जागरूकता बहुत ही आवश्यक है। इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में होना चाहिए।

---

**एसईसीएल में मिशन संबंध**




# शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

**बिलासपुर।** एसईसीएल द्वारा अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों की शिकायतों के प्रभावी एवं सुनियोजित समाधान के लिए मिशन संबंध के अंतर्गत शिकायत निवारण प्रकोष्ठों का गठन किया गया है।

यह पहल कंपनी के प्रत्येक उपक्षेत्र, क्षेत्रीय इकाई एवं मुख्यालय स्तर पर लागू की गई है, ताकि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और उत्तरदायी बन सके। प्रत्येक संचालन क्षेत्र में गठित प्रकोष्ठ में महाप्रबंधक (संचालन), स्टाफ ऑफिसर (मानव संसाधन), क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर (वि/यां), स्टाफ ऑफिसर (भू-राजस्व), स्टाफ ऑफिसर (सिविल) एवं स्टाफ ऑफिसर (सामग्री प्रबंधन) जैसे वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हैं। इसी तरह मुख्यालय बिलासपुर में गठित समिति में महाप्रबंधक (पीआरबी सेल)/जीआरसी, महाप्रबंधक (वित्त) /विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक (विद्युत/यांत्रिकी), महाप्रबंधक (भू-राजस्व), महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध/कर्मचारी स्थापना), महाप्रबंधक (कल्याण), एवं उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन/ प्रशासन) सम्मिलित रहेंगे।

■ प्रभावी समाधान की दिशा में एसईसीएल की नई पहल

**प्रमुख विशेषताएं**

- शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को निर्धारित प्रारूप में दर्ज किया जाएगा, जिसकी पावती उन्हें प्रदान की जाएगी।
- प्रत्येक शिकायत को उसकी प्रकृति के अनुसार संबंधित विभाग को प्रेषित कर समाधान करने यथासमय जानकारी प्राप्त की जाएगी।
- समाधान की स्थिति शिकायतकर्ता को अवगत कराई जाएगी।
- उपक्षेत्रीय स्तर पर अनिराकृत शिकायतों को क्षेत्रीय स्तर पर विचारार्थ भेजा जाएगा।
- क्षेत्रीय स्तर पर भी यदि शिकायत का समाधान नहीं हो पाता है, तो उसे मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक (पीआरबी सेल)/जीआरसी को अग्रेषित किया जाएगा।
- क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्रैमासिक बैठक के माध्यम से किया जाएगा।
- क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हर माह की बैठक के उपरांत रिपोर्ट महाप्रबंधक (पीआरबी सेल)/जीआरसी बिलासपुर को प्रेषित की जाएगी।
- त्रैमासिक रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण निदेशक (मानव संसाधन) के समक्ष किया जाएगा।

निदेशक (मानव संसाधन), एसईसीएल बिरंची दास ने कहा कि शिकायत निवारण प्रकोष्ठ केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि कर्मचारियों और हितधारकों के प्रति हमारी जवाबदेही और विश्वास का प्रतीक है।

---

# व्यवस्था सुधारने के निर्देश, काम नहीं करने वालों को कलेक्टर ने चेताया

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग के कामकाज को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बैठक ली। उन्होंने रोजाना परेशान होते मरीजों का दर्द समझते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को चेताया और काम में सुधार लाने की हिदायद दी।



बिल्हा ब्लॉक में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई। आयुष्मान भारत योजना, वय वंदन योजना, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग और उपचार संबंधी समीक्षा की गई। उन्होंने मरीज व हितग्राहियों को जल्द से जल्द राहत दिलाने की बात कही। बिल्हा में 3 लाख 57 हजार आयुष्मान कार्ड में से 2 लाख 64 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए गए है, 92 हजार से अधिक हितग्राहियों अभी भी वंचित है। इसे लेकर कलेक्टर ने एक माह के कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आला अधिकारियों को साफ तौर पर कहा कि नियमित तौर पर निरीक्षण करें और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करें, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नियमित हो जांच

गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच, टीकाकरण एवं पोषण सुविधा को लेकर कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी गर्भवती महिला की जांच अनिवार्य तौर पर करने के निर्देश दिए हैं। सिकल सेल जांच एवं उपचार की भी सीएचसी एवं पीएचसी वार समीक्षा की गई। उन्होंने सिकल सेल जांच में प्रगति लाने के लिए कहा है। डेंगू, मलेरिया और जलजनित रोगों के प्रति स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने की हिदायत दी है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सम्मेलन 31 जुलाई को होने जा रहा है। पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में भाजपा पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री समेत संभागभर के भाजपा के सारे बड़े नेता, सांसद और विधायक शामिल होंगे। पिछड़ा वर्ग सम्मेलन की तैयार हो लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय में बैठक हुई।

शहर में 31 जुलाई को सिम्स सभागार में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सम्मेलन होने वाला है। इसकी तैयारी को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें सम्मेलन को लेकर चर्चा के साथ ही जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह और ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल की उपस्थिति में हुई इस बैठक में जिला अंतर्गत आने वाले मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाया गया था। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया और कार्यक्रम के संभाग संयोजक दिलेन्द्र कौशिक ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय सम्मेलन में एक देश एक चुनाव, जाति जनगणना, संकल्प से सिद्धि तक, सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के अमृत काल और एक पेड़ मॉ के नाम विषय पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद और विधायकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला बिलासपुर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक ने बताया कि प्रदश नेतृत्व द्वारा तय किए गए कार्यक्रम को सफल बनाने में हमें अपने योगदान देना है। कार्यक्रम को निष्ठापूर्वक जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सफल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को सिम्स सभागार में कार्यक्रम तय किया गया है।

### इनकी रही उपस्थिति

आज की बैठक में महामंत्री शैलेन्द्र यादव, महामंत्री यदूराम साहू, राजेश कुमार रजक, उमेश कुमार यादव, नरोत्तम श्रीवास, रमेश जायसवाल, सुनील श्रीवास, महाराज सिंह, मोहन श्रीवास, धर्मेंद्र चन्द्राकर, डॉ. जमुना कौशिक, दुर्गा पटेल, अनिल कश्यप, सुरेश कुमार, अनिल बलेचा, मेलूराम साहू, संजय गुप्ता, विनोद कसेर, सपन विरले, राजेश साहू, अजीत राम पटेल, सुरेश पाण्डे, देवचरण यादव, देवेन्द्र जायसवाल, कृष्ण कुमार साहू, कामता यादव, बजरंग जायसवाल सहित जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतिम अरदास

जैहा चिरी लिखिआ तेहै, हुकुम कमाऐ।।
धल्लै आवे नानका, सदे उठी जाए।।

भक्ति आपने की, पुण्य हमें दिया। संघर्ष आपने किया, सुख हमें दिया।।
कर्म आपने किए, फल हमें दिया। देना ही आपके जीवन का मूल मंत्र था...



**स्व. श्री गुरूबचन लाल माखीजा**

जन्म तिथि-01-09-1937 स्वर्गवास-21-07-2025

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि लिंगियाडीह पाटलिपुत्र नगर निवासी श्री गुरुबचन लाल माखीजा जी का निधन 89 वर्ष की उम्र में 21/07/2025 को अपोलो में स्वास्थ्य लाभ लेते हुए हो गया है,
वे श्री रामसिंह माखीजा के बड़े भाई, पत्रकार राजेश माखीजा के पिता जी एवं पत्रकार नीरज माखीजा के दादा जी थे..
वे अपने पीछे 3 बेटियों दामाद समेत नाती-पोतों व परपोता समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

आत्मिक शांति हेतू श्री अखंड पाठ साहेब जी की समाप्ति दिनांक 27-07-2025 दिन रविवार की दोपहर 12 बजे एवं कीर्तन अंतिम अरदास एवं संपूर्ण समाप्ति दोपहर 3 बजे सम्पन्न होगी।

शोकाकुल - राजेश कुमार मखीजा 'पत्रकार' (पुत्र), जतिन माखीजा, नीरज माखीजा 'पत्रकार'
जय माखीजा (पौत्र) अवयुक्त माखीजा (परपौत्र) एवं समस्त माखीजा परिवार

फर्म - ★ राजा साहब न्यूज़ ★ राजा साहब इंटरप्राइजेज 9300321940, 7000549630
★ संदीप ग्राफ़िक्स बिलासपुर ★ श्री गुरुनानक ढाबा एवं रेस्टॉरेंट रायपुर रोड

## खबर संक्षेप

### झझपुरी खुर्द में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



**जरहागांव।** क्षेत्र के सुदूर गांव झझपुरी खुर्द गांवकी शासकीय मिडिल स्कूल में रचनात्मक गतिविधियां करा कर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति की संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूल प्रांगण में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही शिक्षकों ने भी गेड़ी चढ़ने का लुफ्त उठाया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुसुम प्रथम, दिव्या द्वितीय एवं बालक वर्ग में प्रथम प्रमोद कुमार व राहुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मनोज जायसवाल व शिक्षक ज्वाला कश्यपने किया। आयोजन की सफलता में नरेन्द्र कोशले, रामावतार बर्मन एवं धरमपाल उइके का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रतिभागियों को गिफ्ट हैंपर प्रदान किया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की एसडीएम ने बचाई जान

**लोरमी।** शुक्रवार की रात हुई तेज बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर थे, जिसका निरीक्षण करने लोरमी एसडीम अजीत पुजारी निकले थे। निरीक्षम के बाद वे कारीडोंगरी से वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ग्राम सरई पटेरा के पास मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार एक युवक बेसुध पड़ा हुआ मिला। इस पर एसडीएम अजीत पुजारी ने रात 2 बजे निजी एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया एवं उसके परिजन को सूचित कर सुबह उसका हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि घायल युवक शिवकुमार मरावी जूनापारा चौकी क्षेत्र के भीमपुरी रामहेपुर का निवासी है, जो दुर्घटना होने से गंभीर रूप से घायलहो गया था। फिलहाल उसकी हालत बेहतर बताई जा रही है।



### मोपका में मंदिर ढहा, कालोनी स्कूल में जलजमाव

**मोपका।** दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं, चारो तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। खेत खलिहान के आलावा कई घरों व स्कूल में बारिश का पानी पानी घुस गया है एवं कालोनियों में 2-3 फिट तक पानी भर गया है। वहीं बारिश के कारण कई जगह से मकान व मंदिर गिरने की खबरें भी सामने आ रही हैं। मोपका वार्ड क्रमांक 47 स्थित बर तालाब में प्राचीन मंदिर अचानक गिर गया, जिससे वहां बैठे युवकों को चोटें आई हैं। चोट लगने से घायल लाला केवट को सिम्स में उपचार के लिए भर्ती किया है।



### कूर्मि समाज की बहनों सैनिकों के लिए भेजी राखियां



**सेमरताल।** कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर सीमा पर तैनात देश के वीर सपूतों के लिए कूर्मी क्षत्रिय चेतना मंच महिला प्रकोष्ट की ओर से 2 हजार 200 रक्षा सूत्र भेजे गए। छत्तीसगढ़ कूर्मि चेतना मंच की प्रांतीय अध्यक्षा डॉ शारदा कश्यप और चेतना मंच नगर ईकाई कोषाध्यक्ष गायत्री कौशिक के द्वारा बिलासपुर के सीएमडी चौक के युध्द स्मारक के पास टीम को रक्षा सूत्र सौंपे गए। इस पुनीत कार्य में महिला प्रकोष्ठ चेतना मंच की प्रांतीय अध्यक्षा डॉ शारदा कश्यप, उपाध्यक्ष आशा कश्यप, माला चन्द्राकर, महासचिव सुमन कौशिक, जिलाध्यक्ष ज्योति सिंगरौल, कोषाध्यक्ष नवोदिता पाटनवार, ओमिषा वर्मा, गायत्री कौशिक, दुर्गेश नंदिनी, सुशीला चन्द्राकर व ललिता कश्यप का सहयोग रहा।

### धनेश बने वरिष्ठ नागरिक कॉन्फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कॉन्फेडरेशन की आम सभा व चुनाव रायपुर के वृन्दावन होटल मे संपन्न हुआ, जिसमें प्रांतीय महासचिव पद के लिए मुंगेली के धनेश सोलंकी भारी मतों से विजयी हुए। मुंगेली के धनेश सोलंकी पूर्व कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। वे महासचिव पद के लिए पहली बार शामिल हुए और विजयी हुए। इस आमसभा और चुनावी कार्यक्रम में मुंगेली कार्यकारिणी के 9 सदस्य शामिल हुए एवं मतदान किया। इनमें जिसमें धनेश सालंकी, प्रमोद पाठक, लवबीर गुप्ता, नीलकंठ तिवारी, एचआर भास्कर, अशोक तिवारी सहित दशरथ प्रसाद राठौर, परमेश्वर साहू शामिल हैं। इस चुनाव में मुंगेली-लोरमी और बिलासपुर के मतदाताओं की भूमिका उल्लेखनीय रही।

तुंगन नाले में बह गई थी कार, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

# 43 घंटे बाद झाड़ियों से बरामद हुआ लापता मासूम का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

हरेली के दिन क्षेत्र के तुंगन नाले में बही कार से लापता मासूम का शव 43 घंटे की खोजबीन के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। मासूम का शव नाले में ही झाड़ियों के बीच फंसा हुआ मिला। घटना के बाद से ही परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार हरेली पर्व की खुशियां सीपत थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव के साहू परिवार के लिए मातम में बदल गईं। ग्राम उच्चभट्ठी के शिव शक्ति पीठ मंदिर से दर्शन कर लौटते वक्त मोहनलाल साहू उर्फ भोला की वेगनआर कार क्रमांक सीजी 11 एमए 0663 हरेली के दिन तुंगन नाले के पुल पर बहे तेज पानी में बह गई। कार में कुल 9 लोग सवार थे, जिसमें मोहनलाल समेत उनके परिवार के सदस्य और 5 छोटे बच्चे शामिल थे। हादसे के दौरान कार करीब 150 फीट तक बह गई। किसी तरह मोहनलाल सहित अन्य सदस्य तैरकर




बालक के शव को बाहर निकालती एसडीआरएफ की टीम।

बाहर निकले और 4 बच्चों को बचा लिया, लेकिन उनका तीन वर्षीय बेटा तेजस साहू पानी की तेज धार में बह गया. घटना के बाद रात में सीपत पुलिस मौके पर पहुंची, पर अंधेरा और तेज बहाव रेस्क्यू में बाधा बना। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम और ग्रामीणों ने मिलकर खोजबीन शुरू की। करीब 43 घंटे बाद, घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर, एक बबूल के पेड़ के नीचे झाड़ियों में तेजस का शव फंसा मिला। पानी में डूबे रहने के कारण शव बुरी तरह सड़ चुका था। पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव गांव में जैसे ही पहुंचा, मातम पसर गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा प्रशासन पर गंभीर आरोप

स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि 1994-95 में बना तुंगन पुल जर्जर हालत में है न तो कोई रेलिंग है, न चेतावनी बोर्ड, न ऊंचाई बढ़ाई गई। बरसात के समय इस पुल से हर साल हादसे होते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुल का जल्द सुधार और सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### दिल दहला देने वाली घटना

इस दिल दहला देने वाली घटना ने प्रशासनिक लापरवाही की परतें खोल दी हैं। अब सवाल यह है कि कितनी और जानें जाएंगी, तब जाकर शासन-प्रशासन चेतेगा।

## विधायक बोहरा की कावड़ यात्रा में शामिल हुए सुशांत



**बेलतरा।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा की अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किमी पैदल कांवड़ यात्रा में शामिल होने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला पांडातराई पहुंचे। यात्रा में शामिल होकर सुशांत ने 15 किमी तक पैदल यात्रा की। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि इस कांवड़ यात्रा में शामिल होकर सनातन के प्रति अपना आस्था व्यक्त की। इस दौरान श्री शुक्ला के साथ में बेलतरा उत्तर मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, मनिष कौशिक, रत्नाकर, मोनु श्रीवास, अमित मिश्रा, शंकर साहू, कमल पटेल, त्रिदेव रजक, सालिक यादव, रमेश जायसवाल, सागर सोनकर, आयुष यादव, आशु कौशिक, शेखर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, हिमाशु यादव, घनश्याम दास, प्रमोद पटेल, उदित सिंह, अविरल सिंह सहित बेलतरा विधानसभा के कई कार्यकर्ता मौजूद हुए। यात्रा को बाद विधायक सहित सभी कार्यकर्ताओं भोरमदेव बाबा के दर्शन कर क्षेत्र की कुशलता एवं सुख समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की।

## हरेली छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृतिः धरमलाल



**दगोरी।** पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ लगाना चाहिए। हरेली छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक संस्कृति है, जो धरती को हरियाली प्रदान करती है। उक्त बातें छग सन्नाड्य कुर्मी समाज की ओर से सामाजिक धर्मशाला चकरभाठा में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कही। उन्होंने सभी से इस महाअभियान में शामिल होकर पेड़ लगाने की अपील की। समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक, कोषाध्यछ संतोष कौशिक गुरुजी, संरक्षक विजय कौशिक, महासचिव कृष्ण कुमार कौशिक, मनोज सन्नाड्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस काम के लिए सभी की सहभागिता पर बल दिया। इस मौके पर सभी अतिथियों ने पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में समाज के सचिव बनवारी लाल सन्नाड्य, दशरथ सन्नाट, कार्यालय सचिव योगेश कौशिक, प्रचार सचिव केशव कौशिक, महिला प्रकोष्ठ से गीतांजलि कौशिक, अशोक कौशिक, जितेंद्र कौशिक, बसंत सन्नाट, दिनेश कौशिक, नवनीत कौशिक, श्रवण कौशिक, डॉ मनीराम कौशिक, कौशल कौशिक, मेजर विजय कौशिक, कपिल कौशिक, अनुराग कौशिक, तामेश कौशिक, सोहन वर्मा, दिलीप, श्याममूरत कौशिक सहित बड़ी संख्या में सनाड्य कुर्मी समाज के लोग उपस्थित थे।

## विधायक अटल ने किया पत्रकार संघ कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगहना

बेलगहना पत्रकार संघ के कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव के कर कमलों से 25 जुलाई को संपन्न हुआ। इस अवसर पर अटल श्रीवास्तव ने प्रजातंत्र में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता वह कार्य ऐसा है जो समाज, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आईना दिखाता है तथा धरातल पर सत्य की खोज कर समाज के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाता है।

- मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या का किया निरीक्षण

इस मौके पर विधायक श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों द्वारा बेलगहना मुख्य मार्ग पर जाम लगने संबंधी समस्या से अवगत कराने पर स्थल जाकर अवलोकन किया। साथ ही जनता जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के समन्वय से समस्या के निराकरण की बात कही। उन्होंने फुटपाथ पर बैठने वाले छोटे व्यापारियों के लिए गुमटी प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की ओर से भवन निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर उन्होंने भूमि के चयन उपरांत राशि प्रदान करने की घोषणा की। श्रीवास्तव ने पत्रकार संघ के कार्यालय हेतु फर्नीचर व खेल सामग्री प्रदान करने की भी घोषणा की। पत्रकार संघ के संरक्षक हनुमान अग्रवाल ने पत्रकार साथियों के साथ मिल कर जनहित व न्याय की दिशा में लेखनी का उपयोग करने की बात कही। संघ के संरक्षक रवि रजक ने पत्रकारों के विरुद्ध प्रताड़ना संबंधी मामलों में बढ़ोतरी की ओर ध्यान आकर्षित कर पत्रकार सुरक्षा कानून हेतु प्रयास करने की मांग की। क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन साहू व कोटा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने भी पत्रकारों से प्रजातंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करने की अपेक्षा की तथा संघ के संरक्षक हनुमान अग्रवाल के पत्रकारता के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से निर्भीक पत्रकार के रूप में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी संबोधित किया। नवनियुक्त अध्यक्ष इमरान खान ने आभार प्रदर्शन किया तथा मंच संचालन राम गंधर्व ने किया।




### घर आने की बात को लेकर मारपीट

**तखतपुर।** घर आने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार कुंआ निवासी त्रिवेणी सोनवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 जुलाई को उसका बेटा रूद्र कुमार पिकअप में तारन दास के साथ बिलासपुर गया और शाम को फोन कर बताया कि तारन दास उसे छोड़कर चला गया है तब त्रिवेणी अपने पति और सास के साथ तारन के घर पता करने गई तो वह घर में नहीं था तो वापस आ गई इसी बात को लेकर आरोपी तारन दास, रवि दास और आदित्य उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## गुप्ता समाज ने किया बाबा बागेश्वर का रुद्राभिषेक, निकाली शोभायात्रा



**पेंड्रा।** बागेश्वर कशौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने शनिवार को अपने कुल देवता बागेश्वर बाबा का सामाजिक रूप से रुद्राभिषेक किया। पिछले 10 वर्षों से लगातार गुप्ता समाज द्वारा एकजुट होकर बागेश्वर बाबा की पूजा-अर्चना और साथ ही रुद्राभिषेक किया जाता है, जिसमें बड़े से से छोटे के क्रम में समाज के जोड़ों को रुद्राभिषेक में जजमानी करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में इस बाद रुद्राभिषेक में पिंकी-गुप्ता हेमू गुप्ता एवं अर्चना गुप्ता-पियूष गुप्ता जजमान के रूप में सम्मिलित हुए।

गौरेला स्थित केशरवानी भवन में समाज के सभी सभी परिवार एकत्रित हुए, जिन्हें अपनी-अपनी जिम्मेदारी सौंप गई। इसके बाद बैंड-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया, जिसमें भक्ति भाव से महिलाएं और पुरुष भगवान शिव की गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले समाज के लोगों एवं पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले बच्चों को संरक्षक संजय ने सम्मानित किया। वहीं महिला अध्यक्ष आशा गुप्ता ने पुरुषों और महिलाओं के लिए एक खेल का आयोजन भी किया, जिसमें सलिल गुप्ता एवं मुरारी लाल गुप्ता को पुरस्कार वितरित किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने उपस्थित सभी सामाजिक जनों काआभार व्यक्त किया।

### भरनी-पेंडारी-परसदा में अहाता निर्माण का भूमि पूजन आज

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास मेला स्थल भरनी-पेंडारी-परसदा में आहाता निर्माण का भूमि पूजन 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, भाजपा नेता संतोष कौशिक, जिला पंचायत सभापति बाल कल्याण स्थाई समिति भारती नीरज माली, जनपद पंचायत तखतपुर अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, जनपद पंचायत तखतपुर के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जनपद पंचायत तखतपुर सभापति अरुण सिंह चौहान होंगे। पं. उमादत्त घिलहरे ने बताया कि उक्त आहाता निर्माण के लिए तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के विधायक निधि से 20 लाख रुपए प्रदान किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए लक्ष्मी खांडे, जगदीश लहरे, मंजू खांडे, संता लहरे, रति बंजारे, धीरज खांडे, जगत कोशले, तिरिथराम घृतलहरे, सुखी भारद्वाज आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### आईपीएस में मना हरियाली तिहार, शहीदों को किया याद




**बिलासपुर।** इंटेलीजेंट पब्लिक स्कूल रतनपुर में हरियाली तिहार का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विविध रंगों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कारगिल विजय दिवस को भी बड़े सम्मान के साथ मनाया गया। देश की रक्षा में सदैव तत्पर हमारे वीर सपूतों के लिए छात्रों द्वारा स्वनिर्मित राखियों को देशभक्ति के भाव के साथ भेजा गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा बनाई गईं सुंदर, रंग-बिरंगी हैंडमेड राखियां रहीं, जो उन्होंने भारतीय सेना के वीर जवानों को समर्पित की। यह पहल न केवल छात्रों की रचनात्मकता का परिचायक बनी, बल्कि उनमें देशप्रेम और सैन्यबलों के प्रति सम्मान की भावना भी जागृत की। विद्यालय के प्राचार्य सुधीश वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से गोपाल तिवारी, नीलम रॉय, ज्योति कपासी, लाजेश्वरी बिसेन रवि तिवारी, मिथिलेश कश्यप, राघवेंद्र यादव, सपना मिश्रा, अंकित धीवर एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### सूरजमल स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 26 जुलाई शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था की प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए वीर शहीदों के योगदान को याद किया। तत्पश्चात विद्यालय में निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य व शिक्षकों ने नगर में रैली निकालकर वीर शहीदों के प्रति प्रेम और सद्भाव को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित कर नागरिकों को देशभक्ति का संदेश दिया।

### आत्मानंद स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**लोरमी।** नगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल ने छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए विजय दिवस पोस्टर्स का अवलोकन करते हुए बताया की मई 1999 मे पाकिस्तानी सैनिकों ने बलात भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया, जिनको खदेड़ने के लिए भारतीय सैनिकों ने पलटवार किया एवं जुलाई 1999 तक चले इस युद्ध मे भारत के लगभग 400 सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। भारतीय सेना ने जवाब मे 4 हजार पाक सैनिकों को मार गिराया, जिनका शव लेने से भी पाक कमांडर ने इंकार कर दिया था। इस युद्ध को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय का नाम देकर महिमा मंडित किया था, जिसके कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं ने एक स्वर मे राष्ट्रगान गा कर तिरंगे को सम्मान दिया। कार्यक्रम मे शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष विश्वास दुबे, सदस्य नरेंद्र खत्री, अंकिता जानसान, पियूषा चौधरी, ममता कौशिक, मोनिका कौशिक, बीआर चेलक, माहेश्वरी पात्रे, वैभव आनंद, विजय विश्वकर्मा, विष्णु राठौर, गरिमा पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन दिशान जेकब ने किया।

### स्वयंसेवकों ने किया देश के वीर शहीदों को नमन




**मल्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस बड़े ही श्रद्धा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल एवं कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मानसि जायसवाल, दिशा मरावी, कुंती, चंचल, चांदनी, आकाश, कामता प्रसाद, दिनेश कुमार, प्रियंका पटेल सहित अनेक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नारे और चित्र प्रदर्शन के माध्यम से वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया तथा देशप्रेम की भावना को जागृत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था।

### फास्टरपुर में कारगिल विजय दिवस पर निकली रैली



**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र ने चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया एवं रैली निकालकर शहीदो को सम्मान है, हमारा देश महान है, यह कदम न रुकने देंगे, देश को नहीं झुकने देंगे आदि नारे लगवाए। कार्यक्रम में अमृत प्रसाद बंजारे, कमलेश भास्कर, कविता उपाध्याय, रजनी कश्यप, नरेंद्र काठले, सुखचंद पाटले, देवेन्द्र पटेल, झरोखा लाल मिरी, दल नायक विकास सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार शैलेश शर्मा की ओर से अधिवक्ता नियुक्त होकर अपने पक्षकार के निर्देशानुसार भूमि बिक्री हेतु अनुबंध पत्र के आधार पर आम जनता को यह आम सूचना पत्र के जरिये सूचित किया जाता है कि मौजा मटियारी प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 387 कुल रकबा 1.83 ए. भूमि स्वामी श्री घनश्याम अग्रवाल पिता स्व. रामसुंदर अग्रवाल, निवासी-कतियापारा जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के अनुबंध क्रेता शैलेश शर्मा पिता स्व.सोहन लाल शर्मा निवासी-नया बाराद्वार (न.प.) जांजगीर चांपा वाले से क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है एवं बयाना हो चुका है द्वारा विक्रेता (अनुबंधकर्ता) को दी गई है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना तय हुआ है। यदि किसी बैंक, निकाय, संस्था, व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो सूचना अवधि दिनांक 07 दिनों के भीतर दस्तावेज के साथ आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। सूचना अवधि समाप्त हो जाने पर की गई दावा आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सो सूचना जानें।

क्रेता-शैलेश शर्मा, नया बाराद्वार (न.प.)
जांजगीर-चांपा,
मो.नं.-9300469506, 9131117349
अधिवक्ता
रजनी गुड्डी बुद्धिराजा
डिस्ट्रिक्ट, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार महेश सिदारा की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रामअवतार अग्रवाल पिता स्व श्री जगमोहन दास अग्रवाल निवासी विद्यानगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा मोहभट्ठा रा.नि.मं. एवं तहसील पथरिया जिला मुंगेली में स्थित खसरा नंबर 793/1, 795/1, 796/1, 796/2, 798, 799, 805/2, 806, 807/2, (शामिल खसरा 808/1, 808/2) कुल रकबा 5.24 एकड़ एवं सुरेन्द्र छाबडा पिता सरदार सिंह छाबडा निवासी-मुंशी राम उपवेजा गली भगवती नगर टिकरापारा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मोहभट्ठा रा.नि.मं. एवं तहसील पथरिया जिला मुंगेली खसरा नंबर 794 एवं 788/1 कुल रकबा 1.89 एकड़ एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल पिता रामरतन अग्रवाल निवासी-बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मोहभट्ठा रा.नि.मं. एवं तहसील पथरिया जिला मुंगेली में स्थित खसरा नंबर 889/1 रकबा 0.48 एकड़ एवं रवि अग्रवाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मोहभट्ठा रा.नि.मं. एवं तहसील पथरिया जिला मुंगेली में स्थित खसरा नंबर 789/4 रकबा 0.20 एकड़ स्थित है को कय करने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया हैं, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि के कय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पंजीयन करा दिया जावेगा। सो आम सूचना जाने।

भवदीय,
(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता/नोटरी
पुराना पावर हाउस डॉ.बेनर्जी क्लीनिक के पास,
तोरवा, बिलासपुर मो.नं. 9302518147
महेश सिदारा - मो.नं. 9301266668

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दिलिप कुमार पिता टेगंनु साकिन निरतु पटवारी हल्का नंबर 53 रा.नि.मं. सकरी पोस्ट घुटकु तहसील तखपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के अन्तर्गत स्थित उनके स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर 1373/3 रकबा 0.52 एकड एवं खसरा नंबर 1375/5 रकबा 22.5 एकड भूमि है कुल 74.05 एकड़ भूमि जोकि समस्त राजस्व अभिलेखों में विक्रेतागण के नाम पर दर्ज है जिसकी चौहददी (पूर्व में शासकीय भूमि अरपा नदी उत्तर में देवनाथ वगैरह की भूमि 1375/3 रकबा 52 दक्षिण रेखा वगैरह की भूमि 1375/5 रकबा $22^{1/2}$ पश्चिम में शिव प्रसाद, हरप्रसाद वगैरह की भूमि कुल रकबा $74^{1/2}$ ) को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना बतौर अग्रिम राशि प्रदान कर दी गयी है जिस संबध में निकट भविष्य में पंजीयन होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, कार्यालय अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में विधिवत दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखे। अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत की गयी आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार इकरारशुदा भूमि का पंजीयन करा लेगा।

सो सूचना जाने
भवदीय
मनोज अग्रवाल अधिवक्ता
नया सरकंडा शिव/ शीतला माता मंदिर के पास मुक्तिधाम चौक बिलासपुर (छ.ग.)
मो.-9827151303

# फैशन प्रेमियों के लिए शैल वस्त्रालय में धमाकेदार लूटमार सेल, तैयारी बचत की



**बिलासपुर।** शहर के चर्चित फैशन स्टोर शैल वस्त्रालय में इन दिनों जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। वजह है लूटमार सेल, जिसमें ग्राहकों को चुनिंदा प्रोडक्टस पर सीधा 60% का डिस्काउंट मिल रहा है। साथ ही मेन्स वियर पर भी खास ऑफर्स दिए जा रहे हैं, जिससे परिवार के हर सदस्य के लिए कुछ न कुछ उपलब्ध है।

ग्राहकों में इस सेल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कई लोग बार-बार स्टोर का रुख कर रहे हैं। अपनी जरूरत के साथ-साथ फैमिली के लिए भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। खासकर साड़ियां, कुर्तियां, सूट्स और मेन्स वियर जैसी प्रोडक्टस की वैरायटी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फैशन के साथ-साथ बजट का ध्यान रखते हुए शैल वस्त्रालय ने हर बार ग्राहकों को बेहतरीन ऑफर्स दिए हैं। इस बार तैयारी बचत की के तहत यह सेल उन लोगों के लिए शानदार मौका है जो त्योहारों, शादी-ब्याह या रोज़मर्रा के लिए कपड़ों की खरीदारी करना सोच रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि इस सेल में उन्हें क्वालिटी और वैरायटी के साथ-साथ बजट में भी राहत मिल रही है। कई लोगों ने इसे फैमिली शॉपिंग के लिए बेस्ट मौका बताया है। स्टोर में लगातार नए कलेक्शन भी जोड़े जा रहे हैं ताकि हर विज़िटर को उसकी पसंद के उत्पाद मिल सके। गौरतलब है कि यह सेल 31 जुलाई तक ही जारी रहेगी। यह ऑफर्स बंद हो जाएंगे और नियमित कीमतें लागू हो जाएंगी। ऐसे में फैशन पसंद करने वालों के पास सीमित समय है, जिसमें वे अपनी पसंद के कपड़े और स्टाइलिश आउटफिट्स पर भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं। शहर के फैशन प्रेमियों से अपील है कि इस मौके को न चूकें और परिवार व दोस्तों के साथ शैल वस्त्रालय आकर लूटमार सेल का पूरा फायदा उठाएं।

**बिजनेस प्लस**

## संजू बाबा का जन्मदिन कार्यक्रम 29 को

**बिलासपुर।** 29 जुलाई की शाम बाबा के नाम संजू बाबा का बर्थ डे कार्यक्रम हर साल की तरह इस वर्ष भी संजू बाबा के जन्मदिन का कार्यक्रम रखा जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक चुट्टू अवस्थी ने बताया कि यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से मध्यनगरी चौक में होगा। इस अवसर पर केक काटकर संजू बाबा का जन्मदिन मनाया जाएगा। उनकी लंबी आयु की कामना की जाएगी। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। संजू बाबा के जन्मदिन को लेकर उनके समर्थकों में काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने अपील की गई है।



## एलसीआईटी कॉलेज के छात्र यश का जूनियर रिसर्च फेलोशिप में चयन



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र यश राज वर्मा ने यूजीसी नेट एवं जेआरएफ दोनों के लिए क्वालीफाई कर शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट उपलब्धि पाई है। यश वर्मा ने एलसीआईटी महाविद्यालय से एमएससी कंप्यूटर साइंस किया। साथ ही निरंतर एनईटी और जेआरएफ के लिए भी प्रयासरत रहे और अपनी लगन एवं मेहनत से सफलता प्राप्त की। कंप्यूटर साइंस के प्राध्यापकों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा। साथ ही यह उल्लेखनीय है कि कॉलेज का शैक्षिणक सत्र 2024-2025 का परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा है। कॉलेज निरंतर विद्यार्थियों के लिए सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। हर साल अपने विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट प्रदान करता है। संस्था के चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन, सचिव उपकार राय, प्राचार्य डॉ अर्चना शुक्ला, उप प्राचार्य अभिनव पाल, डीन अभिषेक केशरवानी, भारती बर्डे, शिवकुमार गुप्ता, लव विश्वकर्मा, श्रेयांस तिवारी, आदित्य कुशवाहा, प्रियंका कश्यप ने राज वर्मा की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**एजुकेशन प्लस**



# तेलुगु समाज का गौरव सम्मान समारोह आज

■ सांस्कृतिक संध्या में दिखेगी परंपरा की झलक

**बिलासपुर।** आज तेलुगु भाषी समाज का बहुप्रतीक्षित गौरव सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम बुधवारी बाजार स्थित रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट सभागार में शाम 6 से 8 बजे तक होगा।

इस मौके पर तेलुगु समाज का नाम रोशन करने वाले 4 विशिष्ट व्यक्तित्वों का सामूहिक सम्मान किया जाएगा। इनमें छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर एल. पद्मजा, सेंट जेवियर्स स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जीएस पटनायक तथा अमिटी ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. अरुण पटनायक शामिल हैं।

## संस्कृति के रंग में रंगेगी शाम

सम्मान समारोह को तेलुगु समाज ने एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप दिया है। बच्चों और युवाओं द्वारा तैयार पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस शाम को यादगार बनाएंगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद मंच पर चारों विशिष्ट अतिथियों का सम्मान होगा। आयोजन प्रमुख पूर्व पार्षद वी. रामाराव ने कहा कि यह सम्मान समारोह समाज की एकता और गौरव का प्रतीक है। पहली बार बिलासपुर का पूरा तेलुगु समाज एकजुट होकर अपने चार गौरवशाली व्यक्तित्वों का सामूहिक सम्मान करेगा। आयोजन समिति ने बिलासपुर में निवासरत सभी तेलुगु समाजजनों एवं समाज हितैषियों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने और समाज की एकजुटता का परिचय देने की अपील की है। यह कार्यक्रम न केवल सम्मान का अवसर बनेगा, बल्कि तेलुगु समाज की संस्कृति, परंपरा और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक ऐतिहासिक पल भी होगा।

# ''एक पेड़ माँ के नाम'' लगाना एक अनमोल उपहार है




धरती पर माँ और पेड़ दोनों ही जीवनदायिनी हैं। माँ हमें जन्म देती है, पालती है, और अपने प्रेम से सींचती है। उसी तरह एक पेड़ भी हमारी प्रकृति की 'माँ' की तरह होता है, जो हमें बिना कुछ माँगे जीवनदायिनी ऑक्सीजन, फल, छाया और शांति देता है। जब हम किसी पेड़ को माँ के नाम लगाते हैं, तो वह केवल एक पौधा नहीं रहता, वह हमारी भावनाओं का प्रतीक भी बन जाता है। यह पेड़ माँ के ममता, त्याग और संरक्षण का प्रतीक होता है। जिस तरह माँ अपने बच्चों की चिंता किए बिना उन्हें बड़ा करती है, ठीक उसी तरह पेड़ भी हमें बिना भेदभाव के जीवनदायिनी चीजें देता है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना, माँ के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक सुंदर तरीका है। यह न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि माँ के प्यार को धरती पर जीवित रखने का कार्य भी करता है। हर बार जब वह पेड़ हरा-भरा होगा, उसकी हर पत्ती हमें माँ की याद दिलाएगी।

पेड़ लगाकर हम आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश दे सकते हैं कि माँ और प्रकृति दोनों अनमोल हैं। इनका सम्मान करना और इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना एक नेक, भावनात्मक और पर्यावरण हितैषी कार्य है। आइए, हम सब भी अपने जीवन में एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएँ और माँ के ममत्व को प्रकृति में जीवित रखें। पेड़ लगाना सिर्फ एक पौधा लगाना नहीं है, यह माँ के प्रेम, त्याग और ममता को धरती पर अंकित करना है। जिस तरह माँ बिना किसी स्वार्थ के हमें जीवन देती है, उसी तरह पेड़ भी बिना किसी बिना भेदभाव के हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया और शुद्ध वातावरण प्रदान करता है।

''माँ'' यह एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हाण्ड समाया हुआ है। माँ जीवन की पहली शिक्षक, पहली दोस्त और पहली शुभचिंतक होती है। माँ हमें केवल जन्म नहीं देती, वह हमें अपने प्यार, संस्कार और छाया में पाल-पोसकर बड़ा करती है। इसी तरह प्रकृति में भी एक रूप है जो माँ की तरह हमें जीवन देती है – और वह है पेड़।

जब हम एक पौधा लगाते हैं और उसे माँ के नाम समर्पित करते हैं, तो वह पेड़ हमारी भावनाओं और यादों का प्रतीक बन जाता है। वह हर दिन बड़ा होता है जैसे माँ अपने बच्चों को बड़ा करती है। उसकी हर शाखा, हर पत्ती माँ की ममता का एहसास कराती है। इस छोटे से कार्य से हम न केवल अपनी माँ को सम्मान दे रहे होते हैं, बल्कि धरती माँ की भी सेवा कर रहे होते हैं। आज जब पर्यावरण संकट की स्थिति है, पेड़ लगाना एक महान सेवा है, और माँ के नाम लगाना उसे एक पवित्र स्वरूप दे देता है।

यह पेड़ आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाता रहेगा कि हमारी माँ ने हमें जीवन दिया और हमने माँ के नाम एक जीवनदायक वृक्ष धरती को दिया।

एक पेड़ माँ के नाम लगाना एक अनमोल उपहार है, यह सच्चे प्रेम, आदर और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का प्रतीक है। आइए हम सभी यह संकल्प लें कि हम कम से कम एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएंगे, और माँ के प्यार को प्रकृति में जीवित रखेंगे।


















## खबर संक्षेप

### आटो की टक्कर से घायल युवक की मौत

**बिलासपुर।** आटो की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, सिरगिट्टी निवासी मोहन सिंह राजपूत 23 जुलाई को अपने ससुराल गए थे। काम निपटाने के बाद बाइक से लौट रहे थे। तखतपुर खमरिया चौक के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोहन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### बिजली सुधारते समय लाइनमैन गिरा, मौत

**बिलासपुर।** सीढ़ी लगाकर बिजली की लाइन सुधारते समय तेज बारिश के साथ गर्जना होने पर ठेकाकर्मी



लाइनमैन नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, मंगला धूरीपारा निवासी ईश्वर पटेल पिता मेघनाथ पटेल 43 साल नगर निगम में ठेकेदार के पास लाइनमैन का काम करते थे। शुक्रवार की रात 4.30 बजे वे बिजली बंद होने की शिकायत पर धूरीपारा गए थे। वे खंभा में सीढ़ी लगाकर बिजली सुधार कार्य कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के साथ बादल गरजने से वे नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर शनिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बच्ची की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेमेतरा में 12 वर्षीय बच्ची की हत्या करने वाला फरार 30 हजार के ईनामी आरोप को पुलिस ने शनिचरी बाजार से पकड़कर बेमेतरा पुलिस को सौंप दिया है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 3 माह पूर्व बेमेतरा जिला के नवागढ़ पुलिस चौकी संबलपुर सोनपुरी निवासी सोहन राजपूत ने एक 12 साल की बच्ची की हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। बेमेतरा एसपी ने उस पर 30 हजार रुपए ईनाम की घोषणा करते हुए आरोपी की फोटो सहित इश्तहार जारी किया गया था। शुक्रवार को सूचना मिली कि उससे मिलता जुलता एक लड़का शनिचरी बाजार में घूम रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी शनिचरी से युवक को पकड़ लिया, पूछताछ में उसने अपना नाम सोहन राजपूत और हत्या का फरार आरोपी होना बताया। कोतवाली पुलिस ने उसे नवागढ़ पुलिस को सौंप दिया है।

### जिम से घर लौट रही युवती से मारपीट

**बिलासपुर।** जिम से घर लौट रही एक युवती को रोककर एक्टिवा सवार दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी अजय मंगवानी राजीव प्लाजा में मोबाइल रिपेयरिंग एसेसिरिज का व्यवसाय करते हैं। 24 जुलाई की रात 9.30 बजे उनकी बेटी व्यापार विहार जिम से एक्टिवा में सवार होकर घर लौट रही थी। मंगला बाइपास श्रीवास भवन के पास एक्टिवा सवार दो युवक ओवरटेक करते हुए उन्हें रोककर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी, जिससे उनके आंख के पास चोट आई और चश्मा गिरकर टूट गया है। श्री मंगवानी ने आरोप लगाया है 2 साल पहले राजेन्द्रनगर निवासी ईशान उर्फ शान भारती के द्वारा प्रेम प्रसंग की बात करने पर उन्होंने युवक व उसके घरवालों को समझाइश दी गई थी। ईशान उर्फ शान भारती पर मारपीट करने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात बिना नम्बर की एक्टिवा सवार दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**बारिश की आफत : निगम ने सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल में सड़क से लेकर कमरे तक बिछाया तखत**

# लबालब स्कूल परिसर में तखत पर चढ़कर परीक्षा कक्ष तक पहुंचेंगे परीक्षार्थी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- स्कूल के ऊपरी कमरों मे परीक्षा संचालित की जाएगी

शहर के बीच स्थित सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह पानी में डूब गया है। तालाब बने इस स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी गई है, क्योंकि क्लासरूम और स्टाफ रूम सभी पानी से भरे हुए हैं। टेबल कुर्सी से लेकर क्लास में रखे सामान तक भीग गए हैं। शिक्षकों को शिक्षकीय कार्य करने के लिए टेबल पर चढ़कर कमरों तक पहुंचना पड़ रहा है। अब इसी स्कूल को व्यापमं ने रविवार 27 जुलाई को होने वाले आबकारी आरक्षक की परीक्षा के लिए सेंटर बना दिया है। यहां 240 बच्चों को परीक्षा देनी है। इसकी जानकारी मिलते ही कलेक्टर और दूसरे अधिकारी स्कूल पहुंचे। स्कूल से पानी निकालने का कोई उपाय नहीं सूझा तो इस तरह की व्यवस्था बनाई गई जो कि शायद ही कहीं और कभी की गई होगी। सड़क से लेकर स्कूल कमरों तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों के लिए तखत लगाया गया है ताकि उन्हें पानी में चलने की नौबत न आए। साथ ही ऐसे कमरों में परीक्षा ली जाएगी जहां तक पानी न भरा हो। इसके लिए स्कूल के प्रथम तल में स्थित 9 कमरों में बैठक व्यवस्था की जा रही है। इसमें 2 प्रैक्टिकल रूम भी है जहां लैब के सामानों को दूसरे कमरों में शिफ्ट किया गया है।

सिरगिट्टी स्कूल की यह हालत पिछले 15 सालों से है जिसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। शिक्षकों का कहना है कि हर साल स्कूल डूबता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और चले जाते हैं। इस स्कूल में नगपुरा, कोरमी, कीर्ति नगर, परसदा, बन्नाकडीह, बसिया,मन्नाडोल, तारबहार, झोपड़ापारा और रेलवे परिक्षेत्र के 1100 बच्चे पढ़ने पहुंचते हैं। स्कूल में स्कूल 9 कमरे हैं जो कि कम हैं। 6 कमरों की और जरूरत है।



सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल में भरा पानी, कलेक्टर व निगम आयुक्त पहुंचे निरीक्षण करने।

### ऊंचा प्लेटफार्म बनाकर की गई व्यवस्था

रविवार को होने वाली परीक्षा की व्यवस्था देखने कलेक्टर संजय अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे, शहरी स्त्रोत समन्वयक वासूदेव पांडे सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी लोगों ने स्कूल प्रांगण मे भरे पानी के बीच जाकर जलभराव का जायजा लिया। जिसके बाद स्कूल के एक कमरे मे एक बैठक भी की गई। बैठक में तय किया गया कि परीक्षा केन्द्र बदला गया तो अभ्यर्थियों की परेशानी बढ़ सकती है क्योंकि प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके बाद तय किया गया कि परीक्षा इसी सेंटर मे होंगी। अगर बारिश का पानी कम नहीं हुआ तो परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ऊंचा प्लेटफॉर्म बनाकर आने-जाने की व्यवस्था की जाएगी जिसके बाद स्कूल के ऊपरी कमरों मे परीक्षा संचालित की जाएगी।





सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में भरा पानी, अंदर जाना मुश्किल।

### 9 कमरों में परीक्षा देंगे 240 परीक्षार्थी

ध्यान रहे कि व्यापमं की ओर से आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को बिलासपुर समेत प्रदेश के 31 जिलों में होगी। परीक्षा के लिए जिले में राज्य में सबसे ज्यादा 110 सेंटर बनाए गए है, जहां 34 हजार 440 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर 11 बजे से 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल की बात करें तो यहां 9 कमरों में 240 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 8 कमरों में 24-24 छात्र बैठेंगे तो एक बड़ा हाल जो कि प्रैक्टिकल लैब का है उसमें 48 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

### व्यवस्था बनाने के दिए गए हैं निर्देश

अधिकारियों को स्कूल में परीक्षा के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल के परीक्षा कमरों तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों के लिए तखत लगाया गया है, ताकि उन्हें पानी में चलने की नौबत नहीं आए। साथ ही ऐसे कमरों में बैठक व्यवस्था की गई है जहां पानी नहीं भरा है।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### कार सवार ने बछड़े को मारी टक्कर हंगामा के बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रफ्तार कार सवार महिला अधिवक्ता ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क पार कर रहे बछड़े को टक्कर मार दी। रोकने की कोशिश करने पर हिंदू संगठन के एक सदस्य को टक्कर मारते हुए कार से लेकर भाग गई। हिंदू संगठन के लोगों ने थाने में जमकर हंगामा मचाया गया। उसके बाद कार चालक लड़की के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई की रात 9.30 बजे अशोकनगर निवासी शैलेष तिवारी का बछड़ा शीला शिखर के पास सड़क पार रहा था। इसी दौरान नूतन चौक की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 6900 की चालक महिला अधिवक्ता ने बछड़े को टक्कर मार दी। हिंदू संगठन के सदस्य पीयूष पाण्डेय ने कार सवार लड़की को रोकने की कोशिश की तो वह उन्हें टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार से भाग निकली। कुछ देर बाद हिंदू संगठन के लोग सरकण्डा थाना पहुंचकर हंगामा मचाने लगे। उसके बाद पुलिस ने पीयूष पाण्डेय की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया में हादसे का वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। पुलिस कार चालक अधिवक्ता लड़की राजकिशोरनगर सक्ति चौक निवासी गुंजन बैस के घर पहुंच गई। टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, कार चालक गुंजन बैस हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। मामले में विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

### रांग साइड चल रही कार सवार महिला ने बाइक को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** कार सवार महिला ने रांग साइड में तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार



दी। हादसे मे मासूम बच्ची सहित 3 लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, वसुंधरा नगर निवासी राहुल चतुर्वेदी 25 जुलाई की रात 11 बजे बाइक में पेट्रोल भराने गए थे। साथ में घर व पड़ोसी के बच्चों को घुमाने ले गए थे। उसलापुर की ओर से आते समय मंगला बाइपास पेट्रोल पंप के पास रांग साइड से काले रंग की कार क्रमांक सीजी 10 बीव्हाय, 3300 में सवार महिला तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 3 साल बच्ची बाबू, 16 साल का ताराचंद जांगड़े, राहुल चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बड़े भाई अरविंद चतुर्वेदी की रिपोर्ट पर कार चालक अज्ञात महिला के खिलाफ के खिलाफ 125ए, 281, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# रेंजर और डाक्टर ने बंदर का रेस्क्यू करने से किया इनकार, डीएफओ ने भेजी टीम

**घुरू अमेरी के पास छत से गिर गया था बंदर, मोहल्ले के लोगों ने बचाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन अधिकारियों की वन्यजीवों के प्रति असंवेदना का उदाहरण उस समय मिला जब घुरू अमेरी में छत से गिरे बंदर को बचाने के लिए मोहल्ले वाले और पूर्व पार्षद ने कानन प्रबंधन को फोन लगा लिया। रेंजर ने घर जाने का बहाना बनाकर रेसक्यू करने से मना कर दिया, वहीं डाक्टर ने अपना पल्ला झाड़ दिया। ऐसे में आसपास के लोगों ने बंदर का पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। इसकी जानकारी डीएफओ को दी गई, जिसके बाद टीम भेजकर बंदर को रेसक्यू कर लिया गया है।

छत से छलांग लगाते समय जमीन पर गिर कर घायल व दर्द से तड़पते बंदर को देख हर किसी का कलेजा पसीज रहा था, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते उसे घंटों दर्द सहना पड़ा। घटना घुरू अमेरी की है जहां वयस्क बंदर घायल होकर सड़क पर पड़ा रहा, आसपास के लोगों ने उसके दर्द को समझा और उसे उठाकर किनारे किया। इस दौरान पूर्व पार्षद श्याम भाई पटेल को जानकारी मिली, उन्होंने कानन पेंडारी के रेंजर शिव कुमार नाग को फोन पर जानकारी दी और रेस्क्यू करने का आग्रह किया, रेंजर ने घर जाने की बात कहते हुए साफ मना कर दिया। इसके बाद पेंडारी के ही डाक्टर पीके चंदन को भी रेस्क्यू करने का आग्रह किया गया, लेकिन उन्होंने कहा कि यह काम उनका नहीं है, स्टाफ और प्रभारी रेस्क्यू करते हैं। कानन पेंडारी में बंदर को लाया जाएगा तो उनका इलाज संभव हो सकता है।

वन विभाग के अधिकारियों की ऐसी असंवेदनशीलता से हताश लोगों ने बंदर का इलाज करने के लिए पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी फोन लगाया, लेकिन महज हर अधिकारी और कर्मचारी एक दूसरे का मोबाइल नंबर देकर अपना पल्ला झाड़ते रहे।

हरिभूमि की टीम को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद डीएफओ विपुल अग्रवाल को सूचना दी गई और आखिरकार बंदर का रेस्क्यू कर लिया गया है, लेकिन एक बात साफ है कि वन्यजीवों के प्राणों की रक्षा के लिए वन विभाग का सिस्टम कमजोर हो चुका है, अधिकारियों के काम करने के तरीके और संवेदनशीलता को जंग लग चुकी है।



घायल बंदर।

### भरपूर स्टाफ इसके बाद भी कोताही

जानकारी के अनुसार वन विभाग के अमले में भरपूर स्टाफ है, अन्य विभागों की तुलना में वन विभाग में पदस्थापना लगभग पूरी है, शहरीय क्षेत्र होने के कारण कामकाज भी अन्य जगहों की अपेक्षा कम है लेकिन इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारी रेस्क्यू जैसे काम को लेकर लापरवाही बरतते है।

### टीम भेज दी गई है

सूचना किसी को भी मिले बंदर या अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। हमने अपनी टीम तत्काल भेज दी है। बंदर को कानन पेंडारी ले जाया जा रहा है।

**-विपुल अग्रवाल,** डीएफओ, वन विभाग

### बिलासपुर रेंजर को कहना था

हर रेंजर को अपने रेंज में रहकर काम करना होता है, अमेरी कानन पेंडारी के रेंज में नहीं है, रेस्क्यू के लिए बिलासपुर रेंजर को बोलना था, रेंजर व डीएफओ के संज्ञान में लाने से काम होगा।

**-यू आर गणेश,** डीएफओ, कानन पेंडारी

### दो माह बाद फिर मिली कोविड की मरीज

**बिलासपुर।** गोरखपुर से बिलासपुर पहुंची 67 वर्षीय महिला को गंभीर हालत में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की कोविड रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। वहीं अपोलो में इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दो माह बाद एक बार फिर कोविड की मरीज जिले में मिली है। सरकंडा निवासी और गोरखपुर से ट्रैवलिंग कर बिलासपुर पहुंची 67 वर्षीय महिला की कोविड जांच रिपोर्ट पाजिटीव पाई गई है। महिला का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है, उन्हें सर्दी और बुखार की समस्या है।

**मलेरिया के मिले 3 मरीज:** स्वास्थ्य विभाग की तमाम कोशिशों के बाद भी जिले में मलेरिया के मरीज कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। अब तक 38 मरीज मिल चुके हैं। वहीं शनिवार को 3 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। तीनों की कोटा ब्लॉक के रहने वाले हैं। नोडल अधिकारी डॉ प्रभात श्रीवास्तव के बताया कि कोटा ब्लॉक के गौरखूरी और नवाडीह में मलेरिया के मरीज मिले हैं। इस मरीजों में दो बैगा जनजाति के हैं। गौरखूरी निवासी द्रुपति पिता बुधसिंह बैगा उम्र 26 वर्ष और विकास पिता बुध सिंह उम्र 10 वर्ष की पीएफ रिपोर्ट पाजिटीव पाई गई है। वहीं नवाडीह के संतोष खुसरो पिता रामायण खुसरो उम्र 24 वर्ष की जांच रिपोर्ट भी मलेरिया से संक्रमित पाई गई है। मितानिनों ने मरीजों को दवा वितरण कर इलाज कराने कहा।

# बेकाबू हाइवा टोल प्लाजा के बूथ काउंटर में घुसा

**हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेकाबू तेज रफ्तार हाइवा पाराघाट टोल प्लाजा के बूथ काउंटर में घुस गया। जिससे बूथ काउंटर ढह गया है। हादसे में 3 लाख रुपए की क्षति होने की जानकारी दी जा रही है। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, हाइवा क्रमांक जीजे05, बीजेड, 0929 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पाराघाट टोल प्लाजा के बूथ क्रमांक 6 के काउंटर में घुसा दिया, जिससे काउंटर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। उस दौरान बूथ काउंटर में कोई नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। काउंटर टूटने से एसी, रिकार्डिंग कैमरा, मानिटर, फर्नीचर, लाइट, केबल, सेफ्टी पाइप, बूथ इस्ट्रक्चर सहित 3 लाख रुपए के क्षति होना बताया जा रहा है।

पुलिस ने टोल प्लाजा के प्रबंधक विकास सिंह की रिपोर्ट पर हाइवा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 4, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# टीटीई ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** ड्यूटी से घर लौटने के बाद रेलवे के टीटीई ने फांसी



लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है रात में उनका मोबाइल से किसी लड़की से विवाद हुआ था। पुलिस उनका मोबाइल जब्त मामले की जांच कर रही है।

मोपका चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, रामकृष्णनगर निवासी प्रकाश कश्यप 24 साल के पिता स्व. केपी कश्यप रेलवे विभाग में पदस्थ थे। तीन साल पहले उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद प्रकाश कश्यप अनुकंपा नियक्ति पर रेलवे में टीटीई के पद पर पदस्थ थे। शुक्रवार की रात 10 बजे वे ड्यूटी से घर गए और बिना खाना खाए अपने कमरे में चले गए। करीब 11 बजे उनकी मां बुलाने गई तो अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज लगाने पर भी दरवाजा नहीं खुलने पर उनकी मां ने पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो वे पंखे में फांसी पर लटके दिखे। आनन फानन में फंदा काटकर उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है मोपका क्षेत्र में रहने वाली एक लड़की से उनकी दोस्ती थी। रात में मोबाइल पर दोनों के बीच विवाद हुआ है। मृतक अपनी मां का इकलौते बेटे थे और दादी मां के साथ रहते थे। उसकी बहन भिलाई में रहकर पढ़ाई करती है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मृतक का मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है।






## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल गोबरीपाट में मनी हरेली, बच्चों में दिखा उत्साह



**करगी रोड कोटा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोबरीपाट में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की गई एवं छोटे छोटे बच्चों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण दिया तथा अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नारियल फेंक एवं गेंड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### पुलिस कर्मियों के साथ ग्रामीणों ने मनाया हरेली पर्व




**लोरमी।** ग्राम जूनापारा में पुलिसकर्मियों ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज में हरेली का पर्व मनाया। ग्राम जूनापारा के ग्रामीणों में उस समय उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया, जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं पुलिस अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में जूनापारा चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर ने ग्रामीणों को 'आओ संवारें कल' अभियान के उद्देश्यों को बताकर नारियल फेंक प्रतियोगिता एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चों ने हिस्सा लिया।

### दानवखार में स्वच्छग्राहियों को प्रदान किया गया ई-रिक्शा



**लोरमी।** सुदूर वनाचंल ग्राम पंचायत अचानकमार एवं आश्रित ग्राम दानवखार में स्वच्छग्राही समूह की दीदियों को सरपंच मीना देवी अनंत के मुख्य आतिथ्य, उपसरपंच मधु साकत एवं पंचो की उपस्थिति में कचरा कलेक्शन के लिए ई -रिक्शा प्रदान किया गया। इस अवसर पर रेंजर मानसिंग श्याम, डिप्टी रेंजर दिलीप द्विवेदी, सचिव मालिकराम अनंत, सरोज कोल, सरोज सोनवानी, काजोल, सुमन, पार्वती, मनीषा मरकाम, अमरीका, अतहर अली, गयाराम साकत, खेलनराम सोनवानी दीप प्रकाश साकत, रामेश्वर तिवारी, बलीराम श्याम ,लीलाबाई सोनवानी सहित शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### हरेली कार्यक्रम शामिल हुए माउंट आबू के कलाकार भानु



**दगोरी।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली के बारे में विस्तार जानकारी एकत्र करने एवं त्योहार को महत्व को समझने के लिए राजस्थान के माउंट आबू के कलाकार भानु हरेली कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम का आयोजन दो मुहानी नदी के तट पर किया गया, जिसमें पारंपरिक गेड़ी उत्सव, नारियल फेंक प्रतियोगिता, कबड्डी आदि का आयोजन हुआ। इस मौके पर लोगों को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन भी परोसे गए। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष यमुना प्रसाद वर्मा, अधिवक्ता ओमप्रकाश साहू, दिनेश राजपूत, रामनाथ वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सोमेश तिवारी, भुवनेशर राजपूत, राहुल वर्मा, लोकनाथ उरांव, संगीता उरांव, आशा टोप्पो, रजनी राजपूत, पुष्प तिवारी, खुशबू वर्मा, लता वर्मा, खेमलता वर्मा सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### आगर हाईस्कूल में जूनियर बालक-बालिका शतरंज स्पर्धा आज

**मुंगेली।** जिला जूनियर बालक-बालिका शतरंज चौम्पियनशिप का आयोजन 27 जुलाई रविवार को आगर हाई स्कूल में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन जिला शतरंज संघ की ओर से किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत 19 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी व पुरस्कार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र का फोटो कॉपी प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शाम 4.30 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता से चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ी कोरबा में आयोजित राज्य जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्था के सौजन्य से एडवांस ट्रेनिंग देकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने तैयार किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आशीष मिश्रा, विजय वर्मा, ओमप्रकाश, सूर्यकांत शर्मा, राजेश पाटले, विजेंद्र सिंह गहरवार, अरविंद पांडेय, कामता सिंह कुर्रे, अशोक यादव, अजय बघेल एवं मोहिंदर वर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

## कारीडोंगरी पुलिया बंद, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# मनियारी नदी में बाढ़, गांवों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




वनांचल में मूसलाधार बारिश से मनियारी नदी में निर्मित राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध क्षमता से अधिक भर गया, जिसके वेस्टवेयर से शनिवार सुबह लगभग 3 फिट उपर तक पानी बहते देखा गया। इसके कारण वनाचंल को जोड़ने वाली कारीडोंगरी पुलिया के ऊपर पानी बहने के कारण 19 ग्रामों का सड़क संपर्क कट गया। एसडीएम ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से देर रात पुलिया के दोनो तरफ बेरिकेट लगावा कर मार्ग पर आवगमन अस्थाई रूप से बंद करवाया। साथ ही बांध का मनोरम दृश्य देखने पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है।

वर्तमान में डेम में सैकड़ों मिलियन घन मीटर जल भराव हो चुका है। वनांचल में बारिश के चलते मनियारी जलाशय लबालब हो गया है एवं जलाशय में 75 फीट से अधिक जल संचय हो चुका है। शनिवार की सुबह विभाग ने वेस्टवेयर से 2 फिट 7 इंच पानी मनियारी नदी में दर्ज किया है। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव जलाशय में आ रहा है, जिसके चलते जलाशय में 101 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है। 24 घंटे से मैकल श्रृंखला पर्वत के तलहटी क्षेत्र में लगातार हो रही तेज हो बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। खुड़िया बांध के वेस्टवेयर पास सुरक्षा के लिए खुड़िया पुलिस चौकी से पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई है, क्योकि वहां खुड़िया बांध को देखने अन्य रास्तों से बडी संख्या में पर्यटक पहुंच रहें है। एसडीएम अजीत पुजारी ने ग्राम कारीडोंगरी पुल के पास दोनों तरफ बेरिकेटस लगाकर मार्ग को देर रात 12 से बंद करवाया।

### दीवार गिरने से 84 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत



नगर के वार्ड 15 में तेज बारिश के कारण दीवार गिरने से सेवानिवृत्त कॉपरेटिव बैंक के संस्था प्रबंधक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को सुजीत नामदेव ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार की शाम 4 बजे उसके पित सुरेश नामदेव 84 वर्ष पिता कन्हैया लाल नामदेव के दीवार के ऊपर गिर गई, जिसमें उनको गम्भीर चोटें आई। आनन-फानन में उनको अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई।

## भगवान के नाम के स्मरण से कट जाती हैं विषम परिस्थितियां



**तखतपुर।** नगर के पुराना थाना प्रांगण में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथा वाचक पंडित नवीन पाठक ने कथा विस्तार करते हुए भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया। इससे पूर्व भगवान शिव माता पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई।

कथा विस्तार करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है। इसलिए हम सभी को भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। कथा वाचक ने शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने हिमालय राजा के यहां पर जन्म लिया था। पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी। इसीलिए भोलेनाथ से माता पार्वती का विवाह हुआ। कथा स्थल से महादेव की बारात निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कथा स्थल पहुँची। महापुराण के पठन अथवा ज्ञान से अवश्य ही पापी, दुराचारी लोग शुद्ध हो सकते हैं।'भगवान शिव की आराधना मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है. इसलिए समस्त मानव जाति को भगवान शिव की निर्मल मन से उपासना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्वती जी ने भगवान शिव से कहा कि आप परम तत्व के बारे में अवगत करवाएं। जिसकी शरण में जानें से मुक्ति मिल जाती हो। पार्वती जी की बात सुनकर भगवान शिव बोले कि हे देवी विज्ञान ही परम तत्व है और यह विज्ञान मनुष्य के अंतर्मन में ही विराजमान रहता है।मगर आज का इंसान सांसारिक मोह माया में उलझा हुआ है, जिसकी वजह से वो जीवन काल तक इधर से उधर भटकता रहता है।

# नुक्कड़-नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**मुंगेली।** बच्चों के चरित्र निर्माण, नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मुंगेली पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई।



नशा मुक्ति का संदेश देते बच्चे

पहल शिक्षक-शिक्षार्थी कार्यशाला के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनाना था। यह आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल दाउपारा में सम्पन्न हुआ, जहां 23 स्कूलों के कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद स्कूल और कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्रओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़-नाटक में नशे की लत से होने वाली पारिवारिक कलह को दिखाते हुए समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य, अनुशासन और समर्पण की अहमियत बताते हुए कहा, कि पढ़ाई में डर, जिद और जुनून होना सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि रील से दूर रहिए और रियल लाइफ में जीना शुरू कीजिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर बल देते हुए अपने यूपीएससी का अनुभव साझा किया और बताया कि उन्होंने इंटरनेट का उपयोग केवल ज्ञानवर्धन के लिए किया। कलेक्टर ने उदाहरण के रूप में जिले के अर्पण जैन का उल्लेख किया, जिन्होंने हाल ही में यूपीएससी में 323 अंक अर्जित कर जिले का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ऐसी सफलता के लिए लक्ष्य, समर्पण और अनुशासन जरूरी है। उन्होंने बच्चों को सजग, जिम्मेदार और अनुशासित रहकर समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि 'पहल' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को चयनित कर उन्हें साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और अनुशासन के महत्व से परिचित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मोबाइल के दुरुपयोग और गलत संगत से बचना चाहिए तथा कड़ी मेहनत और लगन से अपने भविष्य को संवारना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को स्कूल का प्रतिनिधि बनाकर अनुशासन, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा राज्य स्तर पर खेलने का अवसर

# शालेय खेल प्रतियोगिता में 120 खिलाड़ी हुए शामिल

**मुंगेली।** शालेय संभाग खेल प्रतियोगिता में आठ जिलों से कुल 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शालेय संभाग खेल प्रतियोगिता का आयोजन 22 जुलाई को स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाउपारा में हुआ।



जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार धृतलहरे के मार्गदर्शन व निर्देशन में प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में आठ जिलों से शतरंज 14 वर्ष बालक वर्ग में 40 खिलाडियों, 17 वर्ष बालक वर्ग में 40 खिलाड़ियों, 19 वर्ष बालक वर्ग में 40 खिलाड़ियों सहित कुल 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। नेटबॉल में आयु वर्ग 14 वर्ष बालक–बालिका 134 खिलाडियों ने भाग लिया। बॉक्सिंग में 17 वर्ष बालिका व 19 वर्ष बालिका वर्ग में कुल 53 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज में सभी वर्गों में प्रथम 5-5 खिलाड़ी, नेटबॉल में 12-12 खिलाड़ी व बॉक्सिंग में सभी वजन वर्ग में प्रथम-प्रथम खिलाड़ियों का चयन राज्य शालेय के लिए किया गया। शतरंज खेल के प्रतियोगिता संचालक सुबोध कुमार सिंह, व्यवस्थापक राजेन्द्र कुमार साहू, मुख्य निर्णायक ओम प्रकाश वन्दे, उप मुख्य निर्णायक सद्दाम हुसैन, निर्णायक में मनोज कुमार साहू, देवेंद्र कुमार सिन्हा, कीर्ति सिंह, वेंकटेश्वर दास मानिकपुरी ने प्रतियोगिता में प्रमुख दायित्व निभाया। नेटबॉल खेल में प्रमुख रूप से निर्णायक महेश शर्मा, अमित तिवारी, निर्मल जांगड़े व किशन डहरिया, अशोक यादव का प्रमुख योगदान रहा। बॉक्सिंग खेल में प्रमुख रूप से सुबोध कुमार सिंह, संदीप कुर्रे, श्वेता देवांगन, मुकेश सिंह राठौर, पिंकू राम शर्मा, हितेश तिवारी का योगदान रहा।

# छात्र निखिल की स्मृति में न्योता भोज

**सरगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में स्कूल के कक्षा चौथी में अध्ययनरत छात्र निखिल कुमार साहू का 26 अक्टूबर 2024 को जहरीले कीड़े के काटने से निधन हो गया था। उनकी स्मृति में विद्यालय परिवार की ओर से 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया।



इस आयोजन में दिवंगत छात्र के पिता साधराम साहू, माता सीमा साहू, ग्राम पंचायत धमनी की जनपद पंचायत सल्फा प्रतिनिधि लक्ष्मण साहू, धमनी सरपंच रिंकी राज कौशिक, उपसरपंच एजाज खान सहित पंच जनप्रतिनिधि, संकुल प्रभारी अजय कमल, माध्यमिक शाला धमनी प्रधानपाठक रामसिंह ठाकुर, भखरीडीह प्रधानपाठक मोतीलाल अनंत, संस्था प्रधानपाठक संगीता भारद्वाज सहित शाला के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं, परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत छात्र निखिल साहू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि के साथ की गई। जिस कक्ष में छात्र निखिल साहू अध्ययन करता था उस कक्ष का नाम 'स्व निखिल साहू कक्ष' किया गया, जिसका उपस्थित अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया। आयोजन में सहयोग हेतु शिक्षक छन्नूराम भारद्वाज, रामखिलावन पैकरा, बलजीत सिंह कांत, जितेंद्र ठाकुर, प्रकाश मनहर, नारायणी कशयप, जानेश्वरी साहू, एआर नागेश, प्रवीण कोशले, फरीद जिलानी, शम्भूप्रताप सिंह, पालक एवं पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोहन लहरी ने किया।

### ग्रामीण के साथ-गलौज मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** घर के पास से पूजा करने जाने की बात को लेकर बदमाशों ने ग्रामीण के साथ-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ढनढन निवासी हरिभजन केंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे वह खेत में काम करने गया था। काम करने के बाद वह घर वापस आ रहा था तभी उसके घर के पास सुनील जांगड़े, सुमित सोनवानी, शुभम लहरे और गौतम भारती ने उसे रोक लिया। उन्होंने हमारे घर के पास से होकर रोज पूजा करने जाते हो कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# नशीली दवाइयों की बिक्री पर होगी कार्रवाई

## पथरिया एसडीएम ने किया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

**पथरिया।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार पथरिया एसडीएम अजय कुमार शतरंज ने बिना चिकित्सकीय परामर्श के नशीली औषधियों के विक्रय को रोकने विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान हितांशु मेडिकल स्टोर्स के संचालक द्वारा नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। साथ ही संचालक ने प्रतिबंधित औषधियों की बिक्री के संबंध में भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर एसडीएम ने संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत निरस्तीकरण अथवा निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल ने महामाया मेडिकल स्टोर्स, शिव मेडिकल स्टोर्स, सुनील मेडिकल्स, हीरा मेडिकल स्टोर्स, मलिक मेडिकल स्टोर्स सहित कुल 8 मेडिकल दुकानों की गहन जांच की। इस दौरान औषधि निरीक्षक किरण सिंह एवं थाना पथरिया की टीम मौके पर उपस्थित रही।

### युवक से ढाई लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

तखतपुर। अवैध रूप से शराब के बिक्री करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मटसगरा पुल के पास एक युवक शराब बिक्री करने के लिए घूम रहा है, आरोपी दीपक कुर्रे के पास से ढाई लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया।

## संवाद और समझदारी से सुलझाई जा सकती हैं पारिवारिक समस्याएं: कलेक्टर

# रिश्तों को समय नहीं देने से जीवन अधूरा हो जाता है: एसपी

पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करना, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समाज में समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से 'सामंजस्य कार्यक्रम' का जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली


सामंजस्य कार्यक्रम में शामिल अधिकारी एवं चिकित्सक।

- समाज में समरसता को बढ़ावा देने 'सामंजस्य कार्यक्रम' आयोजित

कार्यक्रम में परिवारों को टूटने से बचाने, आपसी सामन्जस्य स्थापित कर अपने परिवार के साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला और काउंसलर टीम के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर लगभग 10 परिवारों को आपसी सामंजस्य से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई गई। कलेक्टर ने कहा कि पारिवारिक समस्याएं हर घर में होती हैं, लेकिन संवाद और समझदारी से उन्हें सुलझाया जा सकता है। उन्होंने मोबाइल, सोशल मीडिया और नशे को परिवार टूटने का एक बड़ा कारण बताया। पुलिस अधीक्षक ने जीवन और प्रकृति के सामंजस्य की तुलना करते हुए कहा कि प्रकृति हमेशा संकेत देती है, जैसे बारिश से पहले बादलों की गरज। उन्होंने कहा कि समय सबसे कीमती पूंजी है जो अगर रिश्तों को नहीं दिया गया, तो जीवन अधूरा हो जाता है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जीवन के हर चरण में सामंजस्य की आवश्यकता होती है। चाहे वह माता-पिता के साथ हो, स्कूल में सहपाठियों के साथ, कॉलेज में दोस्तों के साथ या फिर विवाह के बाद जीवनसाथी के साथ। अपर कलेक्टर तिवारी ने बताया कि विवाह हेतु कम उम्र के लोगों के आवेदन बढ़ रहे हैं, लेकिन कई बार उनमें पारिवारिक सामंजस्य की कमी होती है। संयुक्त परिवारों की परंपरा कमजोर पड़ने के कारण भी समस्याएं बढ़ रही हैं। मेनका प्रधान ने कहा कि संवाद ही हर समस्या का समाधान है। बड़ी से बड़ी समस्या को भी बातचीत और समझदारी से सुलझाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने पारिवारिक विघटन के विभिन्न कारणों पर चर्चा की।

# पथरगढ़ी स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी विदाई

**पथरिया।** विकास खंड के मध्यमिक शाला पथरगढ़ी में पदस्थ प्रधान पाठक राजकुमार वैष्णव को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई।



इस दौरान पत्थरगढ़ी हाई स्कूल प्राचार्य यादव ने कहा कि राजकुमार वैष्णव एक अच्छे शिक्षक के साथ कुशल मार्गदर्शक के रूप में हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं, पुरानी पीढ़ी के होते हुए भी उन्हें आज के नवीन तकनीक का ज्ञान है। उनके सीखने की ललक हम सब को प्रेरित करती है। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने भी श्री वैष्णव के बारे में अपने अनुभव साझा 42 वर्ष का शिक्षकीय अनुभव लेकर शाला से विदाई लेने वाले राजकुमार वैष्णव ने कहा कि शाला परिवार की ओर से विदाई सम्मान समारोह से अभिभूत हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य पहले भी चुनौतियों से भरा था लेकिन शाला और शिक्षक को पर्याप्त स्वायत्तता मिली थी, जिसके कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य हासिल हो जाता था। आज शिक्षकों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन अधिकार सीमित हो रहे हैं। इसके कारण विद्यालय में अनुशासन बनाना कठिन हो गया है। आज बेहतर शिक्षा के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक तरुण रामपुरी, शुष्मा शर्मा, लता यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे